संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

RNI Reg.No.-CHHHIN/2004/15050
Postal Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

# दैनिक घटती घटना

www.ghatatighatana.com
Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 20,अंक -15 गुरुवार ,16 नवम्बर 2023 , पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये

## जम्मू कश्मीर के जिला डोडा में हुई बड़ी सड़क दुर्घटना

# बस के खाई में गिरने से 38 यात्रियों की मौत

**डोडा,15 नवम्बर 2023(ए)।** जम्मू संभाग के जिला डोडा में बड़ा सड़क हादसा हो गया है। बुधवार दोपहर 12 बजे के करीब जिले डोडा के बग्गर इलाके के त्रांगल में एक बस अनियंत्रित होकर करीब 300 फीट गहरी खाई में जा गिरी। हादसा इतना जोरदार हुआ कि इसमें 38 लोगों की मौत हो गई है और करीब 19 घायल हैं। बस किश्तवाड़ से जम्मू की ओर जा रही थी।

हादसे का पता चलते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। पुलिस को भी सूचित किया गया। घायलों को इलाज के लिए जीएमसी डोडा ले जाया जा गया है। इनमें से भी कुछ की हालत गंभीर बताई जा रही है। ऐसे में मरने वालों का आंकड़ा और भी बढ़ सकता है। दो घायलों की हालत नाजुक देखते हुए उन्हें जीएमसी जम्मू के लिए रेफर किया गया, लेकिन उनकी रास्ते में ही मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार, बस पंजीकरण संख्या जेके02सीएन-6555 वाली बस में 56 लोग सवार थे। यह बस किश्तवाड़ से जम्मू को जा रही थी। बटोत-किश्तवाड़ राष्ट्रीय राजमार्ग पर त्रुंगल-अस्सार के पास बस अनियंत्रित



होकर 300 फीट खाई में गिर गई।

### ओवरटेक बना हादसा का कारण

पुलिस ने बताया कि शुरुआती जानकारी में पता चला है कि इस मार्ग पर तीन बसें एक साथ चल रही थी और एक-दूसरे से आगे निकलने की होड़ में यह बड़ा हादसा हो गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### पीएम मोदी-उपराज्यपाल ने हादसे पर जताया दुख

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने घटना पर दुख जताया है। जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा और केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने भी हादसे दुख प्रकट किया है।

### मृतकों के परिवार को दो लाख और घायलों को पचास हजार की घोषणा

पीएम मोदी ने एक्स पर कहा, जम्मू-कश्मीर के डोडा में बस दुर्घटना दुखद है। उन परिवारों के प्रति मेरी संवेदनाएं जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया है। मैं प्रार्थना करता हूं कि घायल जल्द से जल्द ठीक हो जाएं।÷

उन्होंने घोषणा करते हुए कि प्रत्येक मृतक के परिजन को 2-2 लाख रुपये की अनुग्रह राशि दी जाएगी और प्रत्येक घायल को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष (पीएमएनआरएफ) से 50,000 रुपये दिए जाएंगे।

वहीं, गृहमंत्री अमित शाह ने कहा, जम्मू-कश्मीर के डोडा में एक दुखद बस दुर्घटना के कारण बहुमूल्य जिंदगियों के नुकसान के बारे में जानकर बहुत दुख हुआ। स्थानीय प्रशासन बचाव अभियान चला रहा है। मृतकों के परिवारों के प्रति मेरी हार्दिक संवेदनाएं। मृतक और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने के लिए प्रार्थना करता हूं। जम्मू और कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने कहा,डोडा में एक दुखद बस दुर्घटना में लोगों की मौत से बेहद दुखी हूं। शोक संतप्त परिवारों के प्रति मेरी हार्दिक संवेदनाएं और दुर्घटना में घायल हुए लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। प्रभावितों को सभी आवश्यक सहायता प्रदान करने के लिए डिव कॉम और जिला प्रशासन को निर्देशित किया गया है।

सूत्रों ने बताया कि काफी ऊंचाई से गिरने के कारण बस बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है।झउन्होंने बताया कि स्थानीय लोगों के अलावा पुलिस और राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (एसडीआरएफ) के जवान बचाव अभियान में शामिल हैं। उन्होंने बताया कि कुछ घायल यात्रियों को अस्पतालों में स्थानांतरित कर दिया गया है।




### उरी सेक्टर के पास घुसपैठ की बड़ी कोशिश नाकाम

## मुठभेड़ में दो आतंकवादी हुए ढेर

**श्रीनगर,15 नवम्बर 2023(ए)।।** उत्तरी कश्मीर के बारामुला जिले के उरी सेक्टर में भारतीय सेना को एक बड़ी सफलता मिली है। उरी सेक्टर के एलओसी पर कुछ आतंकवादियों ने घुसपैठ करने की कोशिश की। इस दौरान भारतीय सेना के साथ उनकी मुठभेड़ हुई जिसमें सेना ने 2 आंतकियों को मार गिराया है। अधिकारियों से मिली जानकारी के मुताबिक खराब मौसम का फायदा उठाते हुए आंतकवादियों ने घुसपैठ करने की कोशिश की। मगर सेना को उनके हलचल की जानकारी मिल गई। इसके बाद आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ शुरू हुआ जिसमें दो आंतकी मारे गए हैं।

ऐसा पहली बार नहीं है कि पाकिस्तान की तरफ से आतंकवादियों ने भारत में घुसपैठ करने की कोशिश की हो। इससे पहले अक्टूबर महीने में भी आतंकियों ने उरी सेक्टर के एलओसी पर घुसपैठ करने की कोशिश की थी। उस समय भी भारतीय सेना ने आतंकियों के इरादे पर पानी फेरा था। अक्टूबर में भी सेना ने 2 आतंकियों को मार गिराया था। इसके अलावा 2 एके सीरीज की राइफल और 4 हैंड ग्रेनेड भी बरामद किया था।



### सहारा इंडिया के प्रमुख सुब्रत रॉय का निधन

#### मुंबई में ली आखिरी सांस;कई दिनों से थे बीमार

**मुंबई,15 नवम्बर 2023(ए)।** सहारा इंडिया के प्रमुख मशहूर बिजनेसमैन सुब्रत रॉय सहारा का मुंबई में मंगलवार देर रात 75 साल की उम्र में निधन हो गया है। सहारा परिवार के मुखिया सुब्रत रॉय काफी दिनों से गंभीर रूप से बीमार थे और उनका इलाज मुंबई के एक निजी अस्पताल में चल रहा था।

## 'पर्यवेक्षक' आचार संहिता नियम उल्लंघन के दोषी

### शिकायत मिलने पर निर्वाचन आयोग ने 3 को हटाया

**नयी दिल्ली,15 नवम्बर 2023(ए)।** निर्वाचन आयोग ने 'कदाचार' और आचार संहिता के उल्लंघन के लिए तीन चुनाव पर्यवेक्षकों को ड्यूटी से हटा दिया। यह कार्रवाई छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश में तैनात दो सामान्य पर्यवेक्षकों और मिजोरम में एक व्यय पर्यवेक्षक के खिलाफ की गई है।

#### पूरे दिन शराब के नशे में रहते थे पर्यवेक्षक

दरअसल केंद्रीय चुनाव आयोग आम चुनावों में सभी जिलों में वरिष्ठ आईएएस अधिकारियों को पर्यवेक्षक के रूप में भेजता है ताकि उनकी नजर




अचार संहिता का उल्लंघन करने वालों पर लगी रहे। मगर ऐसे पर्यवेक्षक ही अपनी जिम्मेदारियों से बचते हुए नियम-कायदों का उल्लंघन करने लगें तो फिर क्या कहने।

छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा विधानसभा क्षेत्र में आईएएस अधिकारी लालतिनखुमा फैंकलिन के स्थान पर एक अन्य आईएएस अधिकारी अनुराग पटेल को सामान्य पर्यवेक्षक के रूप में तैनात किया गया है। जिले के कलेक्टर ने शिकायत की थी कि पर्यवेक्षक पूरे दिन शराब के नशे में रहते हैं, और चुनाव में लगे अधिकारियों को दिशा-निर्देश देने की बजाय उन्हें चमकाते रहते हैं। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए निर्वाचन आयोग ने फैंकलिन को तत्काल हटाने का आदेश जारी कर दिया।

इसी तरह आईएएस अधिकारी आर गिरीश मध्य प्रदेश के सिवनी मालवा और होशंगाबाद विधानसभा क्षेत्रों में सामान्य पर्यवेक्षक के रूप में तैनात आईएएस अधिकारी उदय नारायण दास की जगह लेंगे। उधर मिजोरम के लुंगलेई जिले में तैनात व्यय पर्यवेक्षक आईआरएस अधिकारी गौरव अवस्थी को हटा दिया गया है।

#### सेवा पुस्तिका में दर्ज होंगी शिकायतें

बताया जा रहा है कि पर्यवेक्षकों को 'कदाचार' और आचार संहिता के उल्लंघन के लिए हटाया गया है। इसे देखते हुए आयोग द्वारा उनकी सेवा पुस्तिकाओं में इसकी प्रविष्टि का भी आदेश दिया गया है।

चालीस सदस्यीय मिजोरम विधानसभा के लिए चुनाव सात नवंबर को हुए थे। छत्तीसगढ़ में शेष 70 सीट पर दूसरे चरण का मतदान 17 नवंबर को होगा। मध्य प्रदेश विधानसभा की 230 सीट के लिए भी 17 नवंबर को ही चुनाव होंगे।

## हिजाब पहनकर परीक्षा देने की अनुमति

### » कर्नाटक परीक्षा अथॉरिटी ने दिया स्पष्टीकरण

**बंगलुरु,15 नवम्बर 2023 (ए)।** हिजाब पर पाबंदी की अटकलों से उठे विवाद के बाद कर्नाटक एग्जामिनेशन अथॉरिटी ने आज अपनी वेबसाइट पर यह स्पष्टीकरण दिया कि परीक्षाओं में हिजाब पर बैन नहीं है। सभी परीक्षार्थी निर्धारित समय से दो घंटे पहले परीक्षा केंद्र पर पहुंच जाएं।


इससे पहले ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिममीन (एआईएम आईएम) अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने कर्नाटक में परीक्षाओं के दौरान कथित तौर पर हिजाब पर प्रतिबंध लगाने और राज्य की पूर्ववर्ती भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार द्वारा लगाई गई पाबंदी को रद्द करने के लिए कदम नहीं उठाने को लेकर कांग्रेस सरकार की आलोचना की थी। उन्होंने कहा था कि कर्नाटक की कांग्रेस सरकार



ने परीक्षाओं में हिजाब पर प्रतिबंध लगा दिया है। इसने पिछली भाजपा सरकार के हिजाब प्रतिबंध को भी रद्द नहीं किया है। उनका यह बयान राज्य में 18 और 19 नवंबर को आयोजित विभिन्न बोर्ड और निगमों की भर्ती परीक्षाओं के लिए कर्नाटक परीक्षा प्राधिकरण द्वारा ड्रेस कोड जारी करने के बाद आया था। परीक्षा बोर्ड ने कहा है कि परीक्षा कक्ष में 'ब्लूटूथ' उपकरणों के उपयोग को रोकने के लिए सिर पर टोपी पहनना या कोई अन्य कपड़ा रखना प्रतिबंधित है। तेलंगाना कांग्रेस के अध्यक्ष ए रेवंत रेड्डी पर हमला करते हुए ओवेसी ने कहा, तेलंगाना कांग्रेस प्रमुख 'आरएसएस' अन्ना तेलंगाना में कर्नाटक मॉडल लागू करना चाहते हैं। यही कारण है कि वह शेरवानी का अपमान करते हैं। एआईएमआईएम नेता आरएसएस (राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ) से कथित रिश्तों को लेकर रेड्डी को निशाना बनाते रहे हैं। इसके बाद केईए की तरफ से यह स्पष्टीकरण जारी किया गया।

## दम घुटने से 4 मजदूरों की मौत

**सूरत,15 नवम्बर 2023 (ए)।** गुजरात के सूरत में एक दर्दनाक हादसा हुआ है। यहां सेप्टिक टैंक के अंदर काम करने के दौरान दम घुटने से 4 प्रवासी मजदूरों की मौत हो गई।ये घटना पलसाना-कटोदरा रोड पर स्थित एक कपड़ों के रंगाई के कारखाने में हुई है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, कारखाने में मौजूद सेप्टिक टैंक की सफाई के दौरान यह हादसा हुआ।



रिपोर्ट्स के अनुसार,शाम सूरत के पलसाना स्थित कारखाने में मौजूद सेप्टिक टैंक की सफाई करने के दौरान 2 प्रवासी मजदूर दम घुटने से बेहोश हो गए थे।इस बीच उन्हें बचाने के लिए 2 अन्य मजदूर भी टैंक में उतरे, लेकिन उनकी भी हालत बिगड़ने लगी और वो भी बेहोश होकर वहीं गिर गए।सभी को आनन-फानन में टैंक से बाहर निकालकर अस्पताल ले जाया गया और डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

गुजरात पुलिस के अनुसार, बुधवार सुबह 6:00 बजे हादसे की सूचना मिली थी, जिसके बाद बाद एक टीम घटनास्थल पर पहुंची और पता चला कि 4 मजदूरों की टैंक में दम घुटने से मौत हो गई।बारडोली डिवीजन के पुलिस उपाधीक्षक एच एल राठौड़ ने कहा, चारों मृतक बिहार के रहने वाले हैं। हम कारखाना के वरिष्ठ अधिकारियों से पूछताछ कर रहे हैं और मामले की जांच के बाद ही अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

### सुरंग में फंसे मजदूरों को बचाएगी 'संकटमोचक' मशीन

#### पीएमओ ने दिल्ली से भिजवाया; तीन हरक्यूलिस विमानों से आया सामान

**उत्तरकाशी,15 नवम्बर 2023 (ए)।** चारधाम ऑल वेदर परियोजना की सिल्क्यारा सुरंग में पिछले चार दिनों से फंसे 40 श्रमिक जिंदगी और मौत से जूझ रहे हैं। इन्हें सुरक्षित बचाने के



लिए प्रधानमंत्री कार्यालय ने भी पहल की है। पीएमओ के निर्देश पर वायु सेना के तीन हरक्यूलिस विमान से हाई पावर ऑगर ड्रिलिंग मशीन नई दिल्ली से चिन्यालीसौड़ हवाई पट्टी पर पहुंचाई गई। चिन्यालीसौड़ हवाई पट्टी से 32 किलोमीटर दूर सिल्क्यारा तक ट्रेलर में पहुंचाने का कार्य गतिमान है। माना जा रहा है कि यह मशीन सुरंग में फंसे मजदूरों के लिए संकटमोचक साबित होगी।

## नई दिल्ली-दरभंगा एक्सप्रेस के बोगी में लगी आग

**नयी दिल्ली,15 नवम्बर 2023 (ए)।** नई दिल्ली से दरभंगा जा रही एक्सप्रेस ट्रेन में इटावा के पास बुधवार की शाम भीषण आग लग गई। आग ट्रेन की स्लीपर बोगी में लगी। जिस बोगी में आग लगी उसमें क्षमता से दोगुना यात्री सवार थे। आग लगते ही यात्रियों ने कूद-कूदकर अपनी जान बचाई।



फिलहाल किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। उतरने और कूदने से छह यात्रियों को चोट लगी है। आग से पूरी बोगी स्वाहा हो गई है। कुछ यात्रियों का सामान भी बोगी में जलने की बात कही जा रही है। हादसा इटावा के सराय भूपत रेलवे स्टेशन के पास हुआ।हावड़ा- दिल्ली रेल मार्ग पर ओएचई बंद कर दी गई है। इस रूट पर ट्रेनों का संचालन फिलहाल ठप है। 16 ट्रेनें जहां-तहां रोक दी गई है। आग के कारणों की जांच के आदेश दिए गए हैं।बोगी पूरी तरह जलकर राख हो गई है। आग का कारण फिलहाल पता नहीं चल सका है। हादसे की सूचना पर रेलवे पुलिस बल के साथ ही सिविल पुलिस भी मौके पर पहुंच गई है। आसपास की फायर ब्रिगेड भी बुलाई गई है। आग को बुझाने का प्रयास किया जा रहा है। ट्रेन की अन्य बोगियों को आग वाली बोगी से अलग कर दिया गया है।

पीआरओ अमित सिंह ने बताया कि आग से किसी यात्री को कोई क्षति नहीं हुई है। सभी यात्री सुरक्षित हैं। आग एस-1 कोच में लगी थी। उसे काट कर अलग कर दिया गया है। उसके आगे और पीछे के कोच एस -2, एस-3 और एसएलआर को भी एहतियातन अलग किया गया है।

आग 90 प्रतिशत बुझा ली गई है। आग 5.33 बजे शुरू हुई। कानपुर- दिल्ली पर रेल मार्ग पर ओएचई बंद कर दी गई है। इस रूट पर ट्रेनों का संचालन फिलहाल ठप है। 16 ट्रेनें जहां की तहां रोक दी गई है। आग के कारणों की जांच के आदेश दिए गए हैं।

## जेल में फोन रखने पर कैदी को होगी तीन साल की सजा

### गृह मंत्रालय ने तैयार किया जेल कानून का मसौदा

**नयी दिल्ली,15 नवम्बर 2023 (ए)।** नए मसौदा कानून के अनुसार, कैदियों की निगरानी के लिए टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल किया जाएगा। प्रतिबंधित वस्तुओं की तलाश में किसी भी कैदी की नियमित तलाशी ली जाएगी। इसके अलावा ड्राफ्ट में कैदी को किसी भी उल्लंघन पर भविष्य में दी जाने वाली छुट्टी के लिए अयोग्य घोषित करना और उनकी छुट्टी रद्द करने का प्रावधान शामिल हैं।

गृह मंत्रालय द्वारा तैयार मसौदा जेल कानून में फोन रखने पर तीन साल के कारावास, मादक पदार्थों के आदी कैदियों, पहली बार जेल आए



अपराधियों, उच्च जोखिम वाले और विदेशी कैदियों को अलग-अलग रखने जैसे प्रावधान किए गए हैं।

#### ट्रैकिंग उपकरण पहनने की शर्त पर मिलेगी छुट्टी

इसके अलावा कैदियों को ''इलेक्ट्रॉनिक ट्रैकिंग'' उपकरण पहनने की शर्त पर छुट्टी देने का भी प्रावधान है ताकि उनकी आवाजाही और गतिविधियों पर नजर रखी जा सके। मसौदा कानून के अनुसार, निगरानी के लिए प्रौद्योगिकी का उपयोग किया जाएगा। प्रतिबंधित वस्तुओं की तलाश में किसी भी कैदी की नियमित तलाशी ली जाएगी। इसके अलावा मसौदे में कैदी को किसी भी उल्लंघन पर भविष्य में दी जाने वाली छुट्टी के लिए अयोग्य घोषित करना और उनकी छुट्टी रद्द करने का प्रावधान शामिल हैं।

उल्लंघन करने पर सजा का प्रावधान मसौदे में मोबाइल फोन और प्रतिबंधित सामग्री रखने या इस्तेमाल करने पर सजा का सुझाव दिया गया है। इसमें कहा गया है कि जेलों में कैदियों के मोबाइल फोन और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण रखने या उनका उपयोग करने पर रोक लगाई जाए।

## सांप तस्करी मामले में लाल डायरी ने खोले कई राज

### एल्विश-फजलपुरिया के कनेक्शन के मिले सबूत

**नयी दिल्ली,15 नवम्बर 2023 (ए)।** सांप तस्करी और रेव पार्टी मामले में सामने आए नाम बिग बॉस ओटीटी-2 विनर एलविश यादव के साथ अब फजलपुरिया का भी नाम भी पूरी तरह जुड़ गया है। आरोपी राहुल के घर से एक लाल डायरी बरामद हुई है जिसमें संपेरो के नंबर, बुकिंग और पार्टी में शामिल लोगों के नाम का ब्यौरा दर्ज है। डायरी में एल्विश की नोएडा के फिल्म सिटी और छतरपुर के फार्म हाउस पार्टी का भी जिक्र है। एल्विश और फजलपुरिया के बिचौलिये का भी पूरा ब्योरा है।

#### बुकिंग का है पूरा ब्यौरा

इस लाल डायरी में बॉलीवुड, यूट्यूबर के लिए रेव पार्टी में पहुंचाए गए सांप, वेनम, सपेरे, ट्रेनर का जिक्र है, जिसके हर पेज पर पार्टी का दिन,



आयोजक का नाम, लोकेशन, समय और पेमेंट का हिसाब-किताब लिखा है। मोबाइल नंबर तक मेंशन है, अब इन नंबरों की सीडीआर भी पुलिस खंगालेगी।

#### डायरी में मिले तथ्यों को लेकर बैठक

दरअसल, डायरी और उससे मिले इनपुट के बाद ही नोएडा पुलिस आयुक्त कार्यालय में एक बैठक बुलाई गई। यहां पर डायरी से जुड़े दस्तावेजों और प्वाइंट्स को रखा गया। इस केस में अब तक हुई कार्रवाई की जानकारी वरिष्ठ अधिकारियों को दी गई। बैठक में डायरी से जुड़े सभी दस्तावेजों को अधिकारियों के सामने रखा गया और आगे की रणनीति यहीं तय हो गई।

#### एल्विश का राहुल से सीधा संपर्क नहीं?

माना जा रहा था कि एल्विश का राहुल से कोई सीधा संपर्क नहीं है, लेकिन डायरी में एल्विश के लिए कहां-कहां पार्टी आयोजित की गई इसे लिखा गया है। डायरी में बहुत से नाम हैं। ये नाम पार्टी आयोजक और बिचौलियों के हैं। इसी डायरी में एल्विश के बिचौलिये का नाम और फोन नंबर भी है। अब इन नंबरों के आधार पर पुलिस जांच करेगी। उन सभी लोगों से पूछताछ की जाएगी जिनके नाम डायरी में हैं. पुलिस ने राहुल के कॉल के रिकॉर्ड भी इन नंबरों से मैच कराए जिससे यह साफ हो गया कि राहुल को ही इन लोगों ने पार्टी में सांप और वेनम के लिए फोन किए।

#### क्या है एल्विश यादव का मामला

यूट्यूबर और बिगबॉस ओटीटी 2 के विनर एल्विश यादव के ऊपर सांपों के जहर के इस्तेमाल और उनकी तस्करी का इल्जाम लगा है। इस केस में पहले ही पांच लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है। केस के सिलसिले में नोएडा पुलिस यूट्यूबर से पूछताछ भी करना चाहती है। मगर वह पुलिस जांच से बचते हुए नजर आ रहे हैं। दरअसल, नोएडा पुलिस ने जब एल्विश यादव से पूछताछ के लिए अप्रोच किया, तो यूट्यूबर ने बीमार होने का बहाना बना दिया।

#### राहुल ने दी अहम जानकारी

आरोपी राहुल ने पुलिस को बताया है कि वह रेव पार्टी में सांप और जहर का इंतजाम करता था। जैसी डिमांड होती थी, उसी के अनुसार सपेरे से लेकर ट्रेनर और बाकी चीजें प्रोवाइड कराता था। वह इसे दिल्ली के बदरपुर के पास के एक गांव से लाता था। इसे सपेरों का गढ़ माना जाता है।

C M Y K

## संपादकीय

### चुनावी राज्यों में जाति गणना का मुद्दा नहीं

पांच राज्यों में विधानसभा की घोषणा नौ अक्टूबर को हुई थी उसके एक हफ्ते पहले दो अक्टूबर को बिहार में जाति गणना के आंकड़े जारी हुए थे। इसके बाद राजस्थान सरकार ने जाति गणना का आदेश भी जारी कर दिया। उसके बाद से जाति गणना और आरक्षण की सीमा बढाने की राजनीति पर चर्चा हो रही है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी चुनावी राज्यों की अपनी हर रैली में वादा कर रहे हैं कि कांग्रेस की सरकार बनी तो जाति गणना कराएगी। छत्तीसगढ़ में तो उन्होंने वादा किया कि सरकार बनी तो दो घंटे के अंदर जाति गणना का फैसला होगा। तेलंगाना और मिजोरम में भी उन्होंने जाति गणना की चर्चा की। कर्नाटक की जीत से उत्साहित कांग्रेस इसे जीत का अचूक नुस्खा मान रही है। लेकिन जमीनी रिपोर्ट इससे उलट है। कांग्रेस के प्रदेश के शीर्ष नेताओं के इक्का-दुक्का बयानों को छोड़ दें तो कोई भी नेता जाति गणना की बात नहीं कर रहा है। मध्य प्रदेश के नेता कमलनाथ तो खैर इसका जिक्र ही नहीं कर रहे हैं। चुनावी राज्यों में उम्मीदवार भी इसके बारे में चर्चा नहीं कर रहे हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक ज्यादातर उम्मीदवारों को लग रहा है कि इससे मतदाताओं का एक समूह नाराज हो सकता है। उम्मीदवार तो स्थानीय स्तर पर हर जाति के लोगों से जुड़ा होता है और उनके वोट के लिए प्रयास करता है। इसलिए वह जाति गणना की बहस में पड़े बगैर अपने काम बता रहा है और स्थानीय मुद्दे उठा रहा है। यहां तक कि पिछड़ी जातियों के उम्मीदवार भी जाति गणना के बारे में बात नहीं कर रहे हैं और उसके नाम पर वोट नहीं मांग रहे है। तभी इस मुद्दे पर राजनीति कर रहे नेताओं को इस मुद्दे के महत्व के बारे में नए सिरे से विचार करना होगा खासतौर से लोकसभा चुनाव की रणनीति के लिहाज से।

# चिंताजनक है अखबारों और लेखकों की स्थिति



**डॉ सत्यवान सौरभ,**
बड़वा (सिवानी)
भिवानी,हरियाणा

समाचार पत्र और यहां तक कि लेखकों को भी अस्तित्व बचाने के लिए गूगल व फ़ेसबुक को मात देना होगा। बदहाल होती स्थिति पर सवाल यह है- वे ऐसा कैसे करेंगे? सबसे महत्वपूर्ण कारक है न्यूज़ कैरियर की बढ़ोत्तरी- गूगल, फ़ेसबुक और बाकी दूसरे। एक तरफ वे किसी अन्य द्वारा उत्पादित समाचार ले लेते हैं और दूसरी तरफ वे समाचार पत्रों की आजीविका-राजस्व को हड़प लेते हैं। इनसे ज्यादा बदतर स्थिति में अखबारों के लिए लिखने वाले लेखक है जो आए दिन पूरी मेहनत करते है लेकिन मेहनताना देखे तो समुंदर में मोती मिल जाए मगर लेखकीय सहयोग नहीं। कारण इंटरनेट पर सामग्री की भरमार के फलस्वरूप अखबार कहीं से भी कुछ उठाते है और चस्पा कर देते है। ऐसे में न लेखक की जरूरत और न ही लेखकीय सहयोग का झंझट। इसी के चलते पत्रकारिता आज शातिर दिमाग वालों के लिए धंधा बन गई है जो पच्चास सौ कॉपी छपवाते है या डिजिटल एडिशन निकालते है और बदले में विज्ञापनों से पैसा बनाते है। यहीं नहीं ऐसे लोग लेखकों को लेखकीय सहयोग देने की बजाय लेखकों से लेख छपवाने के लिए पैसे की मांग भी करते है। शर्मसार है ऐसे में पत्रकारिता।

समाज में जागरूकता लाने में अखबारों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभायी है। यह भूमिका किसी एक देश अथवा क्षेत्र तक सीमित नहीं है, विश्व के तमाम प्रगतिशील विचारों वाले देशों में समाचार पत्रों की महती भूमिका से कोई इंकार नहीं कर सकता। मीडिया में और विशेष तौर पर प्रिंट मीडिया में जनमत बनाने की अद्भुत शक्ति होती है। नीति निर्धारण में जनता की राय जानने में और नीति निर्धारकों तक जनता की बात पहुंचाने में समाचारपत्र एक सेतु की तरह काम करते हैं। भारत में समाचार पत्रों द्वारा परोसी जाने वाली परंपरागत पत्रकारिता ने कई उतार-चढ़ाव देखे हैं। वो चाहे अंग्रेज़ी भाषा का पहला समाचार पत्र- जेम्स हिकी द्वारा 1779 में प्रकाशित बंगाल गजट हो या 19वीं शताब्दी के पूर्वार्ध में भारतीय भाषाओं में छपना शुरू हुए समाचार पत्र हों। सरकारी पाबंदी, आर्थिक मंदी और टेलीविज़न के विस्तार ने समाचार पत्र उद्योग को पहले भी झकझोरा था, लेकिन इससे पहले कभी यह सवाल नहीं पूछा गया कि भारत में प्रिंट मीडिया जिंदा रहेगा या नहीं। लेकिन आज समाचार पत्र और यहां तक कि लेखकों को भी अस्तित्व बचाने के लिए गूगल व फ़ेसबुक को मात देना होगा। बदहाल होती स्थिति पर सवाल यह है, वे ऐसा कैसे करेंगे? सबसे महत्वपूर्ण कारक है न्यूज़ कैरियर की बढ़ोत्तरी- गूगल, फ़ेसबुक और बाकी दूसरे। एक तरफ वे किसी अन्य द्वारा उत्पादित समाचार ले लेते हैं और दूसरी तरफ वे समाचार पत्रों की आजीविका-राजस्व को हड़प लेते हैं।

इनसे ज्यादा बदतर स्थिति में अखबारों के लिए लिखने वाले लेखक है जो आए दिन पूरी मेहनत करते है लेकिन मेहनताना देखे तो समुंदर में मोती मिल जाए मगर लेखकीय सहयोग नहीं। कारण इंटरनेट पर सामग्री की भरमार के फलस्वरूप अखबार कहीं से भी कुछ उठाते है और चस्पा कर देते है। ऐसे में न लेखक की जरूरत और न ही लेखकीय सहयोग का झंझट। इसी के चलते पत्रकारिता आज शातिर दिमाग वालों के लिए धंधा बन गई है जो पच्चास सौ कॉपी छपवाते है या डिजिटल एडिशन निकालते है और बदले में विज्ञापनों से पैसा बनाते है यहीं नहीं ऐसे लोग लेखकों को लेखकीय सहयोग देने की बजाय लेखकों से लेख छपवाने के लिए पैसे की मांग भी करते है। शर्मसार है ऐसे में पत्रकारिता।

यह चिंताजनक स्थिति है क्योंकि अपने स्वरूप के कारण, जो फिक्स है, समाचार पत्र अभी भी भरोसेमंद हैं। एक अखबार पूर्ण है। यह अंतिम रूप से तैयार है, अपने आप में पक्का है, निश्चित है। इसके उलट डिजिटल समाचार को लगातार अपडेट किया जाता है, सुधारा जाता है, बदला जाता है। यह ÷पूर्णता÷ अखबारों की ताकत है। एक बार कुछ छप जाने के बाद, इसे टेलीविज़न या डिजिटल प्लेटफॉर्म की तरह बदला नहीं जा सकता है। लेकिन इस नियत प्रारूप के लिए चुनौतियां बढ़ रही हैं। एक बड़ी दुविधा यह है कि क्या भारतीय पाठक गुणवत्तापूर्ण सामग्री के लिए भुगतान करने में रुचि रखते हैं, जबकि मुफ्त सामग्री हर जगह उपलब्ध है? इस सवाल का जवाब आसान नहीं है।

पाठक भुगतान नहीं करते तो परिणामस्वरूप अखबार भी अपने लेखकों से भुगतान के नाम पर कन्नी काट रहें है। लेकिन अगर लेखक ही नहीं रहें तो अखबार मर ही जायेंगे। इसलिए अखबारों की जिम्मेवारी बनती है कि वो लेखकों को जिंदा रखे। अखबारों के साथ एक बात यह भी सोचने की है, लेखकों की आर्थिक स्थिति कैसी है ? मुझे ज्यादा पता नहीं है, पर कुछ बड़े लेखकों-पत्रकारों को छोड़ दें तो सिर्फ लिखकर अपने परिवार का भरण-पोषण करना भी मुश्किल है । दो लाख रुपये एक मुश्त देखना तो सपना ही है । क्यूँ कोई लेखक इतने रुपये एक साथ देख भाव विह्वल हो जाता है ? समाचार पत्र की सबसे बड़ी पूंजी इसका बुनियादी ढांचा है, जो इसकी समस्या भी है। यह बहुत बड़ा है, क्योंकि उद्योग बड़ी संपादकीय टीम, प्रिंटिंग प्रेस, सर्कुलेशन और मार्केटिंग नेटवर्क के कारण बड़ी संख्या में मानव श्रम पर निर्भर है। अधिकांश समाचार पत्र उत्पादन की लागत पर अपने राजस्व से सब्सिडी देते हैं। सर्कुलेशन दिनोंदिन कम हो रहा है क्योंकि सरकार की ओर से कोई समर्थन हासिल नहीं है। यही कहानी लगभग सभी अखबारों की है। फंड की कमी के कारण ये बंद होते जा रहे हैं। अखबार अभी तक केवल इनको चलाने वालों की प्रतिब्धता के कारण ही जीवित हैं। समाचार पत्र या गंभीर समाचार उद्योग अब सिर्फ एक काम समाचार-संग्रह- करता नहीं रह सकता है- उसे डिजिटल पारिस्थितिकी तंत्र की बेहतर समझ के साथ तकनीक को अपनाने से लेकर छोटे-छोटे संस्थानों और व्यक्तियों के संग काम करना, लेखकों को उचित पारिश्रमिक देकर कई फ़ॉर्मेट में स्टोरी को पेश करने से लेकर नए तरीके की मार्केटिंग रणनीति का पता लगाना होगा। उम्मीद है, समाचार पत्र इन हकीकतों पर ध्यान केंद्रित करेंगे, इससे पहले कि बहुत देर हो जाए।

अंत में, व्यक्तिगत रूप से संचालित वीडियो ब्लॉग, सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म, मैसेजिंग ग्रुप और एप्लिकेशन भी बड़ा आकर्षण रखते हैं, साथ ही अखबारों के पोर्टल से ट्रैफ़िक को दूर ले जा रहे हैं क्योंकि उपभोक्ता समझ रहे हैं कि सोशल मीडिया पर उनके संदेश तेजी से असर कर सकते हैं। इस तरह स्वाभाविक रूप से उपभोक्ता दुनिया भर में परंपरागत मीडिया से दूर जा रहे हैं। गंभीर समाचार उद्योग उच्च गुणवत्तापूर्ण सामग्री पेश करके अभी भी जीवित रह सकता है, क्योंकि इसमें अभी भी पुराने दौर के ठोस संपादकों की निगरानी में एक दमदार रिपोर्टिंग टीम है, जो तकनीक की विरोधी नहीं है और तेज़तर्रार नई पीढ़ी के साथ काम करने को तैयार है।

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

## सब ठीक हो जाएगा

आज अंधेरा है तो क्या हुआ,
यह वक्त भी बीत जाएगा,
कल का सूरज
नई रोशनी लेकर आएगा,
तू सब्र रख ,सब ठीक हो जाएगा।
जीवन में समस्याएं आएगी,
उन समस्याओं से घबराना मत,
बुरे दिन भी गुजर जाएगा,
तू आशा और विश्वास रख ,
सब ठीक हो जाएगा।
राह चाहे कितना भी कठिन हो,
उन कठिन राहों पर चलते रहना,
चलने से ही मंजिल मिलेगा,
तू हिम्मत रख ,
सब ठीक हो जाएगा।
जीवन में कोई भी चीज
आसानी से नहीं मिलेगा,
कड़ी मेहनत और
संघर्ष करना पड़ेगा,
एक दिन तुम्हारा मेहनत
भी रंग लाएगा,
तू हौसला रख ,
सब ठीक हो जाएगा।
परिस्थितियां कैसी भी हो,
उन परिस्थितियों का सामना कर,
एक दिन परिस्थितियां भी
बदल जाएगा,
तू घबरा मत ,सब ठीक हो जाएगा।
असफलता से निराश मत होना,
असफलता में भी सफलता छिपी है,
एक दिन सफलता
तेरे पास जरूर आएगा,
तू हार मत मान ,
सब ठीक हो जाएगा।

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना



**श्याम सुंदर साहू**
बोडरा मगरलोड
धमतरी छत्तीसगढ़




## पटाखों पर प्रतिबंध लगाएं

यह पहली बार नहीं है कि दिवाली की रात पटाखों के अंधाधुंध विस्फोट ने नई दिल्ली को गैस चैंबर में बदल दिया और सोमवार को वायु गुणवत्ता सूचकांक (आईसीए) 400 से अधिक के पेलिग्रोसो स्तर तक बढ़ गया। आज सुबह, कंपनी सुइज़ा वायु गुणवत्ता प्रौद्योगिकी आईक्यूएआई आर के अनुसार। सुप्रीम कोर्ट ने पिछले हफ्ते स्पष्ट किया था कि पेटर्ड में बेरियम और प्रतिबंधित रासायनिक उत्पादों के उपयोग पर रोक लगाने वाला उसका आदेश न केवल राजधानी राष्ट्रीय क्षेत्र बल्कि पूरे देश पर लागू होगा। हालाँकि, प्रतिबंधित पटाखों के भंडारण, बिक्री और जलाने के दौरान सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों को एक बार फिर (दिल्ली, गुरुग्राम, चंडीगढ़, कलकत्ता, मुंबई और अन्य शहरों में) दोहराया गया। यह अक्टूबर 2018 में हुआ जब ट्रिब्यूनल ने हरितऔर कम उत्सर्जन वाले पटाखों (पटाखे मेजोराडो) को छोड़कर सभी पटाखों के उत्पादन और बिक्री पर प्रतिबंध लगा दिया। कुछ दिनों बाद, वैज्ञानिक और औद्योगिक जांच परिषद ने ऐसे रॉकेट विकसित करने का दावा किया जो पारंपरिक रॉकेटों की तुलना में कम दूषित और सस्ते भी थे।

दिल्ली के दमघोंटू स्मॉग के बीच ङ्क आनंद विहार का आईसीए चंद्रमा के पहले घंटों में 969 तक फैला हुआ माना जाता है ङ्क एक बात बहुत स्पष्ट है: पेटार्ड्स के हरितीकरण का अभियान विफल हो गया है। अत्यधिक दूषित सलाद केक अभी भी बाजार में पहुंच रहे हैं (जिनमें भारत में हेचो के झूठे लेबल के साथ अवैध रूप से आयातित चीनी उत्पाद भी शामिल हैं), जबकि प्रदूषण को कम करने के लिए हरित विकल्पों की प्रभावकारिता पर सवाल उठ रहे हैं। आवेदन में ढिलाई के कारण कुकीज़ लौटाने की दो घंटे की अवधि को भी मजाक बताया जा रहा है। सभी प्रकार की कुकीज़ पर सामान्य प्रतिबंध से कम कुछ भी ज़मीनी स्तर पर फर्क नहीं डालता। सर्वोच्च न्यायालय वह करने नहीं आया है जो परंपराओं और धार्मिक भावनाओं का सम्मान करके आवश्यक है। लेकिन जनहित के कारण उस अस्वास्थ्यकर परंपरा को खत्म करना जरूरी है जो लोगों को जहरीली हवा के संपर्क में लाती है। कृत्रिम आग उद्योग को मुआवजा देने और उसकी श्रम शक्ति के पुनर्वास के लिए एक अभिन्न पैकेज विकसित करना आवश्यक है।

**-त्रिवेणी देवांगन-**

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

# ईडी,सीबीआई की साख ही नहीं भ्रष्टाचार मसला भी खलास!

नरेंद्र मोदी ने भारत के लोगों को वैसा ही बना दिया है जैसा 1947 से पहले थे। मानसिक रूप से खाली दिमाग वाला और राजनीतिक तौर पर असंवेदनशील, नींद-नशे में कुंद तथा नियतिवादी। मैंने पांच दिन छतीसगढ़ में गुजारे और कोई हजार किलोमीटर घूमा। रायपुर, बिलासपुर, राजनादंगाव से लेकर आदिवासी-ओबीसी गांव-कस्बों सभी तरफ। और क्या दिखा? असंवेदनशील, नशेड़ी जनता या भक्त जन। रायपुर जाने से पहले मेरी गलतफहमी थी कि पांच सालों से लगातार सीबीआई, ईडी की बघेल सरकार के खिलाफ कार्रवाईयों से आम जनता में भ्रष्टाचार का मुद्दा होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, अमित शाह ने कांग्रेस पर भ्रष्टाचार को लेकर जब हल्ला बोल किया है तो कम से कम भाजपा के समर्थक तो आंदोलित होंगे। लोगों में करप्शन एक मुद्दा होगा।

पर कोई इस पर बोलता हुआ या आंदोलित नहीं था। बार-बार कुरेद कर पूछने पर एक ही जवाब था यह सब तो राजनीति है। चुनाव है तो ईडी, सीबीआई का हल्ला है। या भाजपा कोई कम भ्रष्ट है। भूपेश बघेल ने तो फिर भी वादे पूरे किए जबकि रमन सिंहज भाजपा वाले पैसे खाते हैं और काम भी नहीं करते।

सोचें, जो प्रदेश पूरे देश में ईडी, सीबीआई के छापों की सुर्खियों में लगातार रहा, जहां केंद्र की मोदी सरकार ने भ्रष्टाचार का लगातार नैरेटिव बनवाए रखा वहां भ्रष्टाचार चुनाव में मुद्दा ही नहीं!

उस नाते आजाद भारत की राजनीति ने मोदी-शाह और भाजपा व संघ परिवार से एक अकल्पनीय मोड़ पाया है। कोई लूट ले, कितना ही भ्रष्टाचार हो जाए, हम उस नियति में बंध गए हैं, जिसमें अंग्रेजों या मुगलों की गुलामी में जीना सहज था। जबकि 1947 की आजादी ने दिमाग को जगाया था। कोई न माने इस बात को लेकिन मैं लिखता रहा हूं यह सत्य कि इंदिरा गांधी, राजीव गांधी से ले कर डॉ. मनमोहन सिंह सरकार तक में केंद्र की सत्ता परिवर्तन का बुनियादी कारण भ्रष्टाचार था। जेपी आंदोलन हो या वीपी सिंह का कांग्रेस में द्रोह या मनमोहन सरकार पर आरोपों के हल्ले में नरेंद्र मोदी के अच्छे दिन का हल्ला या अरविंद केजरीवाल का झाडू आंदोलन सब में भ्रष्टाचार विरोध का जन उबाल निर्णायक था। तब मीडिया से लेकर सीबीआई, ईडी, सीएजी आदि से भ्रष्टाचार की जो चिंगारियां फूटी उनसे लोगों का राजनीतिक दिमाग खलबलाया। लोग आंदोलित हुए, गली-गली में शोर है, फलां, फलां चोर जैसे नारों के सियासी भूचाल पैदा हुए! और इन नौ सालों में क्या हुआ? प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने केंद्रीय एजेंसियों और अपने भाषणों का वह झूठा-फरेबी हल्ला बनवाया कि लोगों के दिल-दिमाग से भ्रष्टाचार का मसला ही आउट हो गया है। जन-जन में मानों यह स्वीकार्यता है कि सब भ्रष्टाचारी हैं! पक्ष बोले या विपक्ष, जनता में यह मुद्दा खत्म है। लोगों ने मान लिया है, उनका यह व्यवहार बन गया है कि पैसा दो काम कराओ। पटवारी, पंच-सरपंच को पटाओ, मंत्री-मुख्यमंत्री, प्रधानमंत्री को अपना बनाओ और फ्री की रेवड़ी पाओ, घर की छत बनवाओ, बैंक फ्रॉड करो, करोड़पति बनो, अडानी-अंबानी बनो।



बहरहाल, छतीसगढ़ की तासीर या नियति में ऐसी कोई बात है जो अजित जोगी, रमन सिंह और भूपेश बघेल तीनों के कार्यकाल में भ्रष्टाचार और ज्यादतियों का हल्ला या बातें औसत से बहुत अधिक नैरेटिव में रहीं। अजित जोगी अफसर की बैकग्राउंड से स्वयंभू किंगपिन थे वही रमन सिंह के समय सीएमओ के अमन सिंह (अब अडानी समूह में) तो पूर्व सीएम अजित जोगी को भी किवंदतियों में मात देते हुए थे। भूपेश बघेल के राज में वैसा हल्ला सीएमओ की एक अफसर सौम्या चौरसिया का बना। उन्हें 'लेडी अमन सिंह' कहा गया। और भाजपा लगातार सौम्या चौरसिया को टारगेट बना कहती रही कि इसकी कमान में कोयला, लोहा से रेत खदानों व शराब बिक्री में तयशुदा रेट में अरबों रुपए की वसूली हुई।

भाजपा ने उसकी सुपर सीएम होने की किवंदती बनाई। मोदी सरकार ने उसके पीछे ईडी को लगाया। कईयों बार पूछताछ हुई। छापे पड़े। और पिछले एक साल से वह जेल में है। हिसाब से ईडी, सीबीआई, भाजपा, मोदी-शाह सब के कानफाड़ू आरोपों में इस विधानसभा चुनाव में लोगों के दिल-दिमाग में सौम्या चौरसिया एक मुद्दा होनी थी। भ्रष्टाचार पर चर्चा होनी थी। लेकिन न कोई उसका हवाला देते हुए है और न जनता में कोई भ्रष्टाचार की बात करता हुआ है।

सचमुच भूपेश बघेल पर आरोप न जनता के बीच में चिपके है और न ईडी से जेल में बंद सौम्या चौरसिया पर कोई बात करता मिलेगा। जाहिर है कि मोदी सरकार ने ईडी-सीबीआई का छतीसगढ़ में जितना हल्ला बनवाया उसी अनुपात में प्रदेश में इन दोनों केंद्रीय एजेंसियों को लेकर घर-घर यह मैसेज बना है कि यह सब भूपेश बघेल को बदनाम करने वाली झूठी कार्रवाई है। तभी भूपेश बघेल के खिलाफ निजी तौर पर गैर-भाजपाई वोटों में एंटी इनकम्बेसी नहीं है। यदि कांग्रेस ने दम खम से चुनाव जीता तो तय मानें की ऐसा होना भूपेश बघेल की इमेज से होगा। सोचें, मोदी सरकार-सीबीआई-ईडी ने कितनी ताकत लगाई भूपेश बघेल को करप्ट बता ध्वस्त करने में लेकिन उलटे उनकी लोकप्रियता बढ़ी हुई है।

और कोई न माने इस बात को मगर नोट रखें कि ऐसा ही अरविंद केजरीवाल के साथ होना है। नरेंद्र मोदी-अमित शाह, भाजपा, संघ परिवार गलतफहमी में हैं कि केजरीवाल एंड पार्टी को भ्रष्ट बता, जेल में डाल वे दिल्ली, पंजाब में आप पार्टी को खत्म कर देंगे। ऐसा नहीं होना है। भ्रष्टाचार का हल्ला कर मोदी-शाह अब सियासी लाभ नहीं ले सकते। इसलिए क्योंकि इन्होंने न केवल ईडी, सीबीआई और केंद्रीय एजेंसियों की साख को मिट्टी में मिला दिया है, बल्कि राफेल से अडानी की सुर्खियों से लोगों के बीच लगातार यह पैठा है कि भ्रष्टाचार पर इनका बोला बेमतलब है। ईमानदारी, शुचिता, पारदर्शिता की जो पार्टी बात किया करती थी उसमें आखिर जब चालीस, पचास प्रतिशत कमीशन का शिष्टाचार जब सहज गुरू दक्षिणा है तो क्या तो सोचें और क्यों ईमानदारी की कसौटी में वोट करें!

**-हरिशंकर व्यास-**

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

## कब बदलेगा?

मौका है कुछ दान का,
आएंगे वो द्वार,
सीना सिमटा हुआ रहेगा,
और झुका कुछ शीश रहेगा,
गर्दन बगुले-सी लगेगी,
और आंखों में नमी रहेगी,
पिछले वर्षो ना कर पाए,
उसका भी कुछ हिसाब रहेगा,
याचक बन दर-दर आएंगे,
नजरों में कुछ शर्म दिखेगी,
भाषा इतनी नर्म रहेगी,
जैसे मां की रोटी होती,
ये कर देंगे वो कर देंगे,
जुबां यही बस कहती रहेगी,
हमको मालूम हम कर देंगे,
तभी तो इनके पेट पलेंगे,
वादे करते सब सुधरेगा,
हम कहते क्या ये सुधरेंगे?
ये तो डूबे अर्थ मोह में,
और नैतिकता भूल गए,
सब अपना करने की चाहत,
ये मर्यादा भूल गए,
एक नहीं यह छह-छह पीढ़ी,
साधन जुटाने डूब गए,
ये अपना बस पेट ही भरते,
जन-जन को भूखा कर-करके,
हम बस सोचा करते रहते,
अब बदलेगा..अब बदलेगा,
देश हमारा हिन्दुस्तां है,
कब बदलेगा..कब बदलेगा?

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना



**कार्तिकेय कुमार त्रिपाठी राम**
गांधीनगर,इन्दौर,
मध्यप्रदेश

# अदालत के आदेश का अनादर चिंताजनक

दिवाली के अगले दिन छपे हुए अखबार तो नहीं आए लेकिन अखबारों और न्यूज चैनलों की वेबसाइट पर जो सुर्खियां दिखीं वो बेहद चिंताजनक थीं। एक न्यूज चैनल की हेडलाइन थी 'धुएं में उड़ा सुप्रीम कोर्ट का आदेश' तो एक दूसरी वेबसाइट ने लिखा 'दिल्ली में सुप्रीम कोर्ट के आदेश की धज्जियां उड़ीं'। दिवाली की रात दिल्ली के लोगों के एक समूह ने पटाखों पर पाबंदी के सुप्रीम कोर्ट के आदेश की धज्जियां उड़ाई तो दूसरा समूह सर्वोच्च अदालत के आदेश के बेशर्म अनादर का बेबस साक्षी बना और सुबह होते होते पूरे देश को इसका पता चल गया। सो, पहला सवाल तो दिमाग में यह आता है कि इससे सुप्रीम कोर्ट की क्या इज्जत बची? लेकिन क्या सचमुच यह मामला सिर्फ सुप्रीम कोर्ट या उसके मौजूदा चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ या पटाखों पर पाबंदी के आदेश देने वाली पीठ के जजों की इज्जत का है या देश, लोकतंत्र, संवैधानिक संस्थाओं और करोड़ों अन्य लोगों के सम्मान व उनके जीवन के अनादर का मामला है? क्या यह देश और राज्य की सरकारों के लिए शर्म की बात नहीं होनी चाहिए कि वे सर्वोच्च अदालत के आदेश का अनुपालन नहीं करा पाए? इन सवालों के जवाब बहुत सरल नहीं हैं।

पटाखों पर पाबंदी के आदेश का उल्लंघन कई पहलुओं से भविष्य के लिए खतरनाक और चिंताजनक है। इसमें एक पहलू धर्म का है। दूसरा पहलू न्यायपालिका के सम्मान का है, जिसकी रक्षा करना सरकार और नागरिक दोनों की जिम्मेदारी है और तीसरा पहलू करोड़ों लोगों के स्वास्थ्य का है। पटाखों पर पाबंदी के मामले में धर्म का पहलू पहले दिन से जुड़ा है। एक बड़ा समुदाय ऐसा है, जो इसे हिंदू धर्म की मान्यताओं में अदालत के हस्तक्षेप के तौर पर देखता है। हालांकि ऐसा मानने का कोई वैज्ञानिक आधार नहीं है। यह ऐतिहासिक तथ्य है कि बारूद मुगलों के साथ भारत आया और उससे पहले दिवाली पर पटाखे चलाने की परम्परा नहीं थी। पटाखे चलाना दिवाली की पूजा पद्धति या परम्परा का हिस्सा नहीं है। अदालत ने अपने फैसले में कहा भी कि इस पर पाबंदी किसी के धार्मिक अधिकार का उल्लंघन नहीं है। अदालत की यह टिप्पणी उसके आदेश के उल्लंघन का एक बड़ा कारण बनी।

असल में पिछले कुछ बरसों में हिंदुवादी संगठनों और देश की सबसे बड़ी पार्टी भाजपा की ओर से हिंदुओं के जाग जाने या हिंदुओं के सांस्कृतिक पुनर्जागरण का जैसा हल्ला बनाया गया है उसकी परीक्षा ऐसे मौकों पर की जाती है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद से ही इसकी शुरुआत हो गई थी। सोशल मीडिया में लोगों से यह अपील की गई कि वे अपनी ताकत दिखाएं और सुप्रीम कोर्ट को उसकी जगह। लोगों से खुल कर पटाखे चलाने की अपील की गई। और दिवाली के अगले दिन सोशल मीडिया में सुप्रीम कोर्ट ट्विटर पर ट्रेंड करता रहा। लोगों ने पटाखे चलाने की वीडियो डाल कर सुप्रीम कोर्ट के लिए अभद्र टिप्पणियां की। समझदार लोगों ने भी यह सवाल उठाया कि सुप्रीम कोर्ट क्यों बार बार इस तरह के आदेश देता है, जिस पर अमल सम्भव नहीं है। सोचें, किसी दूसरे सभ्य देश में क्या ऐसा हो सकता है? सर्वोच्च अदालत कोई आदेश दे और उसका खुलेआम उल्लंघन हो और सरकारें व कानूनी एजेंसियां उसे चुपचाप देखती रहें?



याद करें कैसे केरल में सबरीमाला मंदिर में महिलाओं के प्रवेश के सुप्रीम कोर्ट के आदेश का उल्लंघन हुआ था और तब देश के गृह मंत्री अमित शाह ने कहा था कि अदालतों को ऐसे आदेश नहीं देने चाहिए, जिनका पालन नहीं किया जा सके। जिनके ऊपर अदालत के आदेश के अनुपालन की जिम्मेदारी है वो अगर ऐसी टिप्पणी करते हैं तो दिल्ली में पटाखों पर पाबंदी के आदेश के उल्लंघन को आसानी से समझा जा सकता है। इसका स्पष्ट संकेत यह है कि अदालतें बहुसंख्यक समुदाय के धर्म, मंदिर, त्योहार आदि के बारे में कोई ऐसा फैसला करती हैं, तो एजेंसियां उसे लागू कराने के लिए बाध्य नहीं होंगी और यह उस समुदाय के लोगों की मर्जी पर होगा कि वे इसका पालन करते हैं या नहीं करते हैं। दिल्ली इसकी मिसाल बनी है। दिवाली की रात जब पूरी दिल्ली में अदालत के आदेश का प्रतिरोध करने के लिए पटाखे फोड़े जा रहे थे तब अनेक सजग नागरिकों ने पुलिस को फोन किया लेकिन किसी पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसकी कोई खबर नहीं है कि पुलिस ने कहीं पर लोगों को पटाखे चलाने से रोका या अदालत के आदेश का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई की।

यही इस मामले का दूसरा पहलू है। कोई कार्रवाई नहीं करके केंद्र और उसकी एजेंसियों की ओर से अदालत को यह संदेश दिया गया है कि वह ऐसे फैसले नहीं करे, जिस पर अमल नहीं कराया जा सके। यह देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए बेहद चिंताजनक बात है। भारत का संविधान विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका के बीच शक्तियों के पृथक्करण पर आधारित है। यह अलग बात है कि भारत में दो संस्थाएं- विधायिका और कार्यपालिका अलग अलग काम नहीं करती हैं। विधायिका का काम कार्यपालिका के फैसलों पर मुहर लगाने भर का रह गया है। लेकिन न्यायपालिका अब भी स्वतंत्र है और एक स्वायत्त संस्था के तौर पर काम करती है। परंतु मुश्किल यह है कि उसे अपने फैसलों के अनुपालन के लिए कार्यपालिका पर निर्भर रहना है। संवैधानिक व्यवस्था और लोकतांत्रिक परम्परा के तहत यह कार्यपालिका की जिम्मेदारी बनती है कि वह न्यायपालिका के आदेशों पर अमल कराए। असहमत होते हुए भी उसे आदेश का अनुपालन सुनिश्चित करना होता है। दुर्भाग्य से भारत में यह परम्परा टूटती दिख रही है। सरकारें ऐसी प्रवृत्ति दिखा रही हैं कि वह उन्हीं आदेशों का अनुपालन सुनिश्चित करेंगी, जो उसके और उसके व्यापक मतदाता समूह की पसंद का हो। अभी यह काम धार्मिक मामलों में हो रहा है क्योंकि धर्म की अफीम चाट कर गाफिल पड़ी जनता को लग रहा है कि अदालत के आदेशों का उल्लंघन करके वह धार्मिक श्रेष्ठता साबित कर रही है। आने वाले दिनों में हो सकता है कि राजनीतिक मामलों में भी ऐसा होने लगे।

तीसरा पहलू स्वास्थ्य का है। यह ध्यान रखने की बात है कि पटाखों पर पाबंदी का सिर्फ और सिर्फ एक आधार यह कि इनसे प्रदूषण फैलता है। वायु गुणवत्ता खराब होती है, जिससे करोड़ों लोगों का स्वास्थ्य प्रभावित होता है। यह बात वैज्ञानिक रूप से प्रमाणित है। दिवाली की रात और अगले दिन की सुबह के आंकड़ों से भी यह बात प्रमाणित हुआ। एक रिपोर्ट के मुताबिक दिवाली की रात 12 बजे के करीब दिल्ली के जवाहरलाल नेहरू मॉनिटरिंग स्टेशन पर पीएम 2.5 और पीएम 10 दोनों का स्तर एक हजार के करीब था यानी सामान्य से करीब 15 गुना ज्यादा। दिवाली की अगली सुबह दिल्ली का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक यानी एक्यूआई चार सौ के करीब था, जो गंभीर श्रेणी में है। ध्यान रहे दिवाली से दो दिन पहले हुई बारिश ने दिल्ली की हवा साफ कर दी थी और एक्यूआई में सुधार हुआ था। हालांकि तब भी वह खतरनाक श्रेणी में थी। फिर भी दिल्ली के लोगों ने राजनीतिक और धार्मिक कारणों से अदालत के आदेश की धज्जियां उड़ाई। उन्हें इस बात की कोई परवाह नहीं थी कि इससे करोड़ों लोगों की सेहत पर बुरा असर पड़ेगा।

**-अजीत द्विवेदी-**

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

## मतदान

मिला सौगात तुम्हें करने का मतदान
शासन रचना में होता
मत का योगदान!!
मतदान से बनता
एक गणतंत्र सरकार
शासन प्रणाली का है
यह बेहतर प्रकार!!
मतदान से बनता अनुकूल सरकार
मत ना होने देना तुम
कभी बेकार!!
मत से बनता एक सुशासन सरकार
मत देकर करना तुम
खुद का उपकार!!
राष्ट्र जनहित मे होता कारगर वोट
मत बेचना अपना वोट
लेकर तुम नोट!!
लोकतंत्र का अर्थ सही समझो तुम
मतदान दिवस पर
करो मतदान तुम!!



**लक्ष्मी नारायण सेन**
'खुटेरी'
गरियाबंद
छत्तीसगढ़

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

**समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।**

CMYK

# भूपेश बघेल ने सत्ता के लिए सट्टा घोटाला तक कर दिया:नड्डा






- संवाददाता -
अंबिकापुर,15 नवम्बर 2023
(घटती-घटना)।

विधानसभा चुनाव प्रचार के आखिरी दिन बुधवार को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने सभा को संबोधित किया। अम्बिकापुर के कला केन्द्र मैदान में आयोजित चुनावी सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा के उम्मीदवारों के पक्ष में वोट देने की अपील की।जेपी नड्डा ने इस मौके पर कहा कि प्रचार के अंतिम समय में अम्बिकापुर में आने का सौभाग्य मिला। लोगों के उत्साह को देख कर मुझे विश्वास है कि आप लोगो नें राजेश अग्रवाल को विधानसभा में भेजने का मन बना लिया है। राजेश अग्रवाल आपकी लड़ाई लडने के माध्यम होंगे। भारतीय जनता पार्टी हितों की रक्षा करती है वहीं दूसरी ओर कांग्रेस पार्टी हितों पर डाका डालती है। भाजपा का मतलब है विकास, तरक्की, महिलाओं का सशक्तिकरण। इस मौके पर कांग्रेस पर निशाना साधते हुए नड्डा ने कहा कि कांग्रेस के टाइम में पनडुब्बी घोटाला, अगस्ता वेस्टलैंड घोटाला, कोयला घोटाला किया। काँग्रेस नें आसमान में हेलीकॉप्टर घोटाला, पानी में पनडुब्बी और पाताल में कोयला घोटाला किया। कांग्रेस ने घोटाले में तीनो लोकों को नहीं छोड़ा।भूपेश बघेल पर भ्रस्टाचार का आरोप लगाते हुए कहा कि इन्होनें शराब घोटाला किया, महादेव एप का घोटाला किया। ऐसा मुख्यमंत्री जो सट्टा खिलवाये 508 करोड़ डकार ले, एक कलंक है। इसे 17 तारीख को धोना है।अपने चुनावी वादे याद दिलाते हुए कहा कि हमारी सरकार बनते ही पहली बैठक में 18 लाख मकानों बनाने का काम करेंगे। तेंदूपत्ते का 55 सौ और बोनस के रूप में 4 हज़ार रुपये देंगे। भूपेश बघेल विकास के हर काम को रोक रहे हैं। मतदान के दिन 17 नवमंबर को इन्हें रोक देना। अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि जितना जुल्म ढाना है अभी ढा लो, आगे सबका हिसाब होगा। अच्छे तरीके से न्याय होगा।

अधिकारियों को चेतावनी देते हुए जेपी नड्डा ने कहा कि 17 तारीख तक जितना जुल्म ढाना है ढा लो...प्रजातंत्र की जीत होगी और कमल खिलेगा, फिर हिसाब चुकता होगा। भूपेश बघेल और अफसरों की सांठगांठ है, ये जो भ्रष्टाचार चल रहा है और तुम उनके साथी बने हो, यह मत समझना कि खबर हम तक नहीं आती है। न्याय होगा, अच्छे तरीके से न्याय होगा। अंत में उन्होंने जनता से मुखातिब होते हुए कहा सबले बढ़िया छत्तीसगढ़िया है कि नहीं है... भूपेश बघेल जैसा मु यमंत्री उस पर कलंक है कि नहीं...जनसमूह ने इस पर हामी भरी।

**इलेक्शन कमीशन नोट कर लेना**

मुझे मालुम है इलेक्शन कमीशन वाले घड़ी को टिक-टिक करते देख रहे हैं। दुख के साथ कह रहा हूं। हमारे लोग बहनों से फार्म भरा रहे हैं, इन पर केस दर्ज हो गए हैं। जाते-जाते वे कहते गए, अभी 4 बजकर 51 मिनट हुए हैं, इलेक्शन कमीशन जरूर नोट कर लेना।

## पहली बार जिले के विभिन्न संघों,संगठनों,संस्थानों के प्रतिनिधि आए साथ

» मतदान प्रतिशत बढ़ाने लोगों को मतदान हेतु जागरूक करने की ली शपथ

» कलेक्टर-एसपी ने संयुक्त रूप से शत प्रतिशत मतदान में अपनी महती भूमिका निभाने की अपील





- संवाददाता -
अम्बिकापुर,15 नवम्बर 2023
(घटती-घटना)।

जिले में प्रथम बार ऐसा हुआ जब मतदान से पूर्व जिले के समस्त संघों, संगठनों एवं विभिन्न संस्थानों के प्रतिनिधि तथा सदस्य एक साथ इकट्ठे हुए। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कुंदन कुमार तथा पुलिस अधीक्षक श्री सुनील शर्मा के आह्वान पर जिला पंचायत के सभाकक्ष में सभी की बैठक आहूत की गई। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं स्वीप के नोडल अधिकारी श्री नूतन कुमार कंवर ने जिले में मतदाताओं की संख्या, मतदान केन्द्रों में प्रमुख व्यवस्था, शहरी क्षेत्रों में मतदान प्रतिशत कम होने के प्रमुख कारण, मतदाताओं हेतु केंद्रों में व्यवस्था सहित अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं से सभी को अवगत कराया।

कलेक्टर श्री कुंदन ने सभी प्रतिनिधियों को बताया कि जिले में मतदाताओं को प्रेरित करने पूरा प्रशासनिक अमला लगभग तीन महीनों से शांतिपूर्ण एवं सफल निर्वाचन कराने मेहनत कर रहा है, स्वीप अंतर्गत भी मतदाता जागरूकता गतिविधियों के माध्यम से लोगों को मतदान हेतु प्रेरित किया गया। प्रशासन की ये मेहनत तभी सफल होगी जब मतदान प्रतिशत शत-प्रतिशत होगा और इसमें आप सभी प्रमुखों की महत्वपूर्ण भूमिका है, इसलिए यह बैठक आयोजित की गई है। आप जागरुक होंगे, अपने साथियों परिवार के सदस्यों को जागरूक करेंगे तो मतदान प्रतिशत स्वतः ही बढ़ेगा।



उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों की अपेक्षा शहरी क्षेत्रों में मतदान प्रतिशत कम है, इसलिए आप सभी से अपील है कि मतदान दिवस पर अपने अधीनस्थ कर्मचारियों, श्रमिकों सभी को वोट देने हेतु भेजें और लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी भागीदारी निभाएं। उन्होंने यह भी बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदान दिवस को सवैतनिक अवकाश घोषित किया है।

उपस्थित प्रतिनिधियों ने प्रशासन की इस पहल की सराहना की और जिले में विशेषकर शहरी क्षेत्रों में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए लोगों को जागरूक करने के लिए शपथ भी ली।

## श्री चित्रगुप्त मंदिर में कायस्थ समाज ने की कलम-दवात पूजा



» सुंदरकांड पाठ के साथ विविध कार्यक्रमों का आयोजन

- संवाददाता -
अंबिकापुर,15 नवम्बर 2023
(घटती-घटना)।

चित्रगुप्त पूजन के अवसर पर बुधवार को गुदरी बाजार स्थित भगवान चित्रगुप्त मंदिर में कायस्थ समाज द्वारा कलम-दवात की पूजा श्रद्धाभाव के साथ की गई। इस दौरान कई धार्मिक अनुष्ठान, हवन और प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

मु य आयोजन गुदरी बाजार स्थित चित्रगुप्त मंदिर में हुआ। बुधवार की सुबह से ही मंदिर में सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया था। इसके बाद समाज के लोगों ने भगवान चित्रगुप्त की पूजा की। परंपरा के अनुसार समाज द्वारा कलम-दवात की पूजा की गई। पूजन के बाद सामूहिक हवन का आयोजन किया गया। हवन पूजन के बाद प्रसाद वितरण किया गया। पूजन, हवन कार्यक्रम पुजारी सूर्यमणि पाठक ने विधिवत संपन्न कराया। इस दौरान कायस्थ समाज के अध्यक्ष अरविन्द सिन्हा, हेमंत सिन्हा, जेपी श्रीवास्तव, व्हीके वर्मा, अनूप मेहता, स्वर्ण मेहता, आरएन खरे, उपेंद्र श्रीवास्तव, क्रिनेश सिन्हा, सिद्धेश्वरी प्रसाद सिन्हा, संदीप सिन्हा, मुरली मनोहर मेहता, संजय मेहता, रंजना वर्मा, प्रियंक, ज्योति खरे, मधुर श्याम सिन्हा सहित काफी सं या में कायस्थ समाज के लोग उपस्थित थे। हेमंत सिन्हा ने बताया कि आगामी 12 दिसंबर को श्री चित्रगुप्त मंदिर का स्थापना दिवस मनाया जाएगा।

## मतदान दिवस 17 नवंबर को संवैतनिक अवकाश घोषित

- संवाददाता -
अम्बिकापुर,15 नवम्बर 2023
(घटती-घटना)।

विधानसभा निर्वाचन 2023 के द्वितीय चरण में मतदान किये जाने वाले जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों में सम्मिलित मतदान केंद्रों में मतदान दिवस 17 नवम्बर 2023 शुक्रवार को मतदान दिवस के दिन संवैतनिक अवकाश एवं सामान्य अवकाश घोषित किया गया है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 09 अक्टूबर 2023 को किये गए घोषणा के अनुसार जिले में द्वितीय चरण में 17 नवंबर 2023 को मतदान किया जाना है। मतदान दिवस को मतदान करने के लिए संवैतनिक अवकाश एवं सामान्य अवकाश घोषित किया गया है।

## 17 नवंबर तक शुष्क दिवस घोषित

- संवाददाता -
अम्बिकापुर, 15 नवम्बर 2023 (घटती-घटना)।

जिले में विधानसभा चुनाव निष्पक्षतापूर्वक संपन्न कराने के उद्देश्य से 15 नवम्बर से 17 नवम्बर मतदान समाप्ति के 48 घंटे पूर्व से लेकर मतदान समाप्ति तक जिले में शुष्क दिवस घोषित किया गया है। इस दौरान जिले की सभी मदिरा दुकानें बंद रखने के आदेश कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कुन्दन कुमार ने दिए हैं।



» नहीं होगी शराब की बिक्री, मतदान समाप्ति तक समस्त मदिरा दुकानों को पूर्णतः बंद रखे जाने के आदेश

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 24 की उपधारा (1) में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जिले में स्थित समस्त देशी एवं विदेशी एवं मदिरा दुकानों, 62वीं बटालियन एफएल - 8 एवं देशी मदिरा भंडारण भंडारगार अंबिकापुर को मतदान समाप्ति के 48 घंटे के पूर्व अर्थात 15 नवम्बर 2023 की शाम 5:00 बजे से 17 नवम्बर 2023 को मतदान समाप्ति तक शुष्क अवधि घोषित किया है। उक्त अवधि में समस्त मदिरा दुकानों को पूर्णतः बंद रखे जाने का आदेश दिया गया है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने उपरोक्त आदेश का पालन कड़ाई से किये जाने के निर्देश दिए हैं। शुष्क अवधि में मदिरा का किसी भी प्रकार का संव्यवहार पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।

## प्रेक्षकों की उपस्थिति में मतदान दलों का तृतीय रेण्डमाइजेशन सम्पन्न

- संवाददाता -
अम्बिकापुर, 15 नवम्बर 2023
(घटती-घटना)।

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त प्रेक्षकों की उपस्थिति में बुधवार को जिला कलेक्टर सभाकक्ष में मतदान दलों का तृतीय रेंडमाइजेशन सम्पन्न हुआ। विधानसभा निर्वाचन 2023 हेतु जिले के तीनों विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र हेतु 17 नवम्बर को मतदान किया जाएगा। मतदान दिवस पर नियुक्त मतदान अधिकारियों का तृतीय रेंडोमाइजेशन भारत निर्वाचन आयोग द्वारा बनाए गए विशेष सॉफ्टवेयर के माध्यम से किया गया। इस दौरान विधानसभा क्षेत्र अम्बिकापुर के सामान्य प्रेक्षक श्री रूपवंत सिंह, विधानसभा सीतापुर के सामान्य प्रेक्षक श्री पी कोटेश्वर राव एवं विधानसभा लुण्ड्रा के सामान्य प्रेक्षक आईएएस श्री बीसी सतीशा, पुलिस प्रेक्षक श्री अमित बरदार, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कुन्दन कुमार, नगर निगम आयुक्त श्री अभिषेक कुमार, उपजिला निर्वाचन अधिकारी श्री सुनील नायक, सीईओ जिला पंचायत श्री नूतन कुंवर,



विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 09 लुण्ड्रा के रिटर्निंग ऑफिसर अपर कलेक्टर श्री टेकचंद अग्रवाल, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 10 अम्बिकापुर के रिटर्निंग ऑफिसर एवं एसडीएम अम्बिकापुर श्रीमती पूजा बंसल, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 11 सीतापुर के रिटर्निंग ऑफिसर एवं एसडीएम सीतापुर श्री रवि राही सहित सभी सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित थे।

उल्लेखनीय है कि जिले में कुल 786 मतदान केंद्र हैं जिसमें विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 09 लुण्ड्रा हेतु 254, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 10 अम्बिकापुर हेतु के 282, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 11 सीतापुर हेतु कुल 245 एवं विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 05 भटगांव के अंतर्गत जिले के कुल 06 मतदान केंद्र शामिल है। इन मतदान केंद्रों के लिए नियुक्त पीठासीन अधिकारी, मतदान दल क्रमांक 1, मतदान दल क्रमांक 2 एवं मतदान दल क्रमांक 3 के द्वारा 17 नवंबर को मतदान कार्य संपन्न कराया जाएगा। इसके लिए मतदान दलों का तृतीय रेंडोमाइजेशन किया गया, जिसमें मतदान दलों को मतदान केंद्र अलॉट किया गया। 16 नवम्बर को मतदान दलों को पॉलिटेक्निक कॉलेज स्थित स्ट्रांग रूम से मतदान सामग्री वितरित की जाएगी, जिसके साथ ही मतदान दलों को मतदान केंद्र की जानकारी देकर उन्हें मतदान कार्य हेतु रवाना किया जाएगा।

## सुरक्षा बलों के 500 जवानों ने किया फ्लैग मार्च



- संवाददाता -
अम्बिकापुर,15 नवम्बर 2023 (घटती-घटना)। जिले में तीनों विधानसभा क्षेत्रों हेतु 17 नवंबर को मतदान होना है। इससे पहले शांतिपूर्ण, निष्पक्ष, निर्भीक एवं भयमुक्त वातावरण में चुनाव संपन्न करवाने हेतु बुधवार को कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुंदन कुमार एवं पुलिस अधीक्षक सुनील शर्मा ने सुरक्षा बलों के जवानों के साथ शहर में फ्लैग मार्च निकाला। इस दौरान केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल, केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल एवं पुलिस के लगभग 500 हथियारबंद जवान शहर के मुख्य चौक घड़ी चौक, संगम चौक, महामाया चौक से मुख्य मार्गों में होते हुए सद्भावना चौक पहुंचे। फ्लैग मार्च में कलेक्टर एसपी ने शत प्रतिशत शांतिपूर्ण मतदान की

कलेक्टर कुंदन ने कहा कि जिले के तीनों विधानसभाओं में शांतिपूर्ण निर्वाचन संपन्न करवाने जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन, सीआरपीएफ की कंपनियों के संयुक्त तत्वाधान में फ्लैग मार्च निकाला गया है। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में

जाने हेतु जिला तथा पुलिस प्रशासन की टीम तैयार है। पुलिस अधीक्षक श्री सुनिल शर्मा ने कहा कि सुरक्षा बल के लगभग 500 जवानों के साथ शहर के संभावित संवेदनशील इलाकों में फ्लैग मार्च किया गया है, उन्होंने कहा कि फ्लैग मार्च

प्रभावित करने वालों तत्वों को कड़ी चेतावनी के साथ संदेश दिया जा रहा है कि मतदान के दौरान किसी भी प्रकार की गड़बड़ी किए जाने पर सख्त कार्यवाही की जाएगी। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री पुपलेश, पुलिस एवं जिला प्रशासन

## सूरजपुर पुलिस ने 40 लीटर महुआ शराब जप्त कर 9 लोगों के विरूद्ध किया आबकारी एक्ट

- संवाददाता -
सूरजपुर, 15 नवम्बर 2023
(घटती-घटना)।

पुलिस अधीक्षक श्री आई कल्याण एलिसेला के निर्देश पर जिले की पुलिस ने दिनांक 14.11.2023 को शराब बेचने वालों 9 लोगों के विरूद्ध आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही किया है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शोभराज अग्रवाल के मार्गदर्शन में जिले के थाना-चौकी प्रभारियों के द्वारा अवैध शराब बिक्री करने वाले 9 लोगों पर आबकारी एक्ट की कार्यवाही करते हुए 40 लीटर महुआ शराब कुल कीमत 7300 रूपये का जप्त कर आबकारी एक्ट के तहत्

## 1 लाख 20 हजार रूपये के नशीली कफ सिरप व परिवहन में प्रयुक्त मोटर सायकल जप्त,थाना प्रतापपुर पुलिस की कार्यवाही

- संवाददाता -
सूरजपुर,15 नवम्बर 2023
(घटती-घटना)।

चुनाव को लेकर जिले की पुलिस पूरी तरह से सतर्क है। पुलिस अधीक्षक श्री आई कल्याण एलिसेला के निर्देश पर अवैध कार्यो के विरूद्ध पुलिस का अभियान लगातार जारी है। इसी तारतम्य में दिनांक 14.11.23 को थाना प्रतापपुर पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली कि राजपुर की ओर से प्रतापपुर होते हुए वाड्रफनगर की ओर पल्सर मोटर सायकल में 2 व्यक्ति नशीली कफ सिरप लेकर



सूचना पर थाना प्रतापपुर पुलिस ने ग्राम चांचीडांड में घेराबंदी लगाया सायकल चालक व पीछे बैठा व्यक्ति मोटर सायकल छोड़कर भाग निकले। मोटर सायकल की तलाशी लेने पर बैग से 260 नग ऑनरेक्स कफ सिरप बरामद किया गया जिसकी बाजारू कीमत करीब 1 लाख 20 हजार रूपये है। मामले में नशीली कफ सिरप व परिवहन में प्रयुक्त मोटर सायकल जप्त कर धारा 21(सी) एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया है और फरार दोनों आरोपियों की पतासाजी की जा रही है। कार्यवाही में थाना प्रभारी प्रतापपुर किशोर केरकेट्टा

# चुनाव कार्यक्रम के एलान से पहले सुरक्षा निगरानी सख्त;विपक्षी दलों का सड़कों पर प्रदर्शन जारी

**ढाका,15 नवम्बर 2023 ।** बांग्लादेश में चुनाव को लेकर जारी असंतोष के बीच चुनाव आयोग (ईसी) ने कहा वह दिन में अगले आम चुनाव के कार्यक्रम की घोषणा करेगा। इसके बाद अधिकारियों ने बुधवार को राजधानी और अन्य प्रमुख शहरों में सुरक्षा निगरानी कड़ी कर दी।

चुनाव आयोग के सचिव जहांगीर आलम ने एक प्रेस कॉन्फ्रेस में बताया कि मुख्य चुनाव आयुक्त काजी हबीबुल अवाल शाम सात बजे 12वें संसदीय चुनाव के पूरे कार्यक्रम की घोषणा करेंगे। यह पूछे जाने पर कि क्या चुनाव आयोग को लगता है कि चुनाव का माहौल अब कार्यक्रम के अनुकूल है, उन्होंने कहा, जैसा कि हमने आपको पहले बताया..आवश्यक माहौल मौजूद है।

यह घटनाक्रम बढ़ते राजनीतिक तनाव के बीच हुआ है, क्योंकि विपक्षी बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) और जमात-ए-इस्लामी जैसे उसके धुर दक्षिणपंथी सहयोगियों ने प्रधानमंत्री शेख हसीना की सरकार के इस्तीफे की मांग करते हुए सड़क पर अभियान छेड़ रखा है ताकि आम चुनाव कराने के लिए एक गैर-दलीय अंतरिम सरकार को अनुमति दी जा सके।

सत्तारूढ़ अवामी लीग ने इस मांग को खारिज करते हुए कहा कि मौजूदा प्रधानमंत्री हसीना के नेतृत्व में चुनाव कराए जाएंगे, जिन्होंने बीएनपी को आतंकवादी संगठन बताते हुए अमेरिका और अन्य प्रमुख पश्चिमी देशों द्वारा विपक्ष के साथ बातचीत के प्रस्तावों को भी खारिज कर दिया था।

बीएनपी के वरिष्ठ नेता महबूबुद्दीन खोकोन ने कहा कि चुनाव कार्यक्रम की घोषणा को लेकर किसी भी



विरोधाभासी स्थिति के लिए चुनाव आयोग को जिम्मेदारी निभानी होगी। हसीना के नेतृत्व वाली सरकार के खिलाफ विपक्ष के राष्टव्यापी परिवहन नाकाबंदी अभियान के पांचवें चरण की शुरुआत हो चुकी है। इस सबके बीच पुलिस ने बुधवार को आगजनी या तोड़फोड़ के किसी भी कृत्य के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी।

ढाका के पुलिस आयुक्त हबीबुर रहमान ने संवाददाताओं से कहा, हमने सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सभी कदम उठाए हैं। विपक्षी दल 28 अक्तूबर से अपनी मांग के समर्थन में परिवहन नाकाबंदी लागू कर रहे हैं और पुलिस व प्रतिद्वंद्वी कार्यकर्ताओं के साथ उनकी झड़पें हो रही हैं।

# जयशंकर ने ब्रिटेन के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार से की मुलाकात,क्षेत्रीय और वैश्विक चुनौतियों पर चर्चा

**लंदन,15 नवम्बर 2023।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बुधवार को ब्रिटेन के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) टिम बैरो से मुलाकात की और क्षेत्रीय व वैश्विक चुनौतियों पर उनके साथ अच्छी चर्चा की। जयशंकर द्विपक्षीय संबंधों के विभिन्न पहलुओं की समीक्षा करने और मैत्रीपूर्ण संबंधों को नई गति देने के उद्देश्य से ब्रिटेन की पांच दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर हैं।



जयशंकर ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, ब्रिटेन के एनएसए टिम बैरो से मिलकर खुशी हुई। क्षेत्रीय और वैश्विक चुनौतियों पर अच्छी चर्चा हुई। इस सप्ताह की शुरुआत में जयशंकर ने ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक, नए विदेश मंत्री डेविड कैमरन, रक्षा मंत्री ग्रांट शैप्स और गृह मंत्री जेम्स क्लेवरली से मुलाकात की थी।

संसद भवन के पास वेस्टमिंस्टर सेंट्रल हॉल में सोमवार शाम भारतीय उच्चायोग द्वारा एक विशेष दिवाली स्वागत समारोह आयोजित किया गया। इसमें जयशंकर ने कहा कि मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) भारत-ब्रिटेन संबंधों का मुख्य केंद्र है और भारत को उम्मीद है कि दोनों पक्षों के लिए काम करने वाली बातचीत में कोई ऐसा मोड़ आ जाएगा जो काम करेगा।

भारत-ब्रिटेन व्यापक रणनीतिक साझेदारी 2021 में भारत-ब्रिटेन रोडमैप 2030 के साथ शुरू की गई थी, जो कई क्षेत्रों में संबंधों का विस्तार करना चाहता है। भारत और ब्रिटेन पिछले साल जनवरी से मुक्त व्यापार समझौते पर बातचीत कर रहे हैं, जिसमें अनुमानित 36 अरब पाउंड की द्विपक्षीय व्यापार साझेदारी को बढ़ाने का लक्ष्य रखा गया है। वार्ता के 13 दौर हो चुके हैं, अधिकारियों को 2024 में दोनों देशों में होने वाले आम चुनावों से पहले एक समझौता होने की उम्मीद है।

# TLP के 2017 में हुए धरने की जांच करेगा नया आयोग,सरकार ने सुप्रीम कोर्ट को दी जानकारी




**इस्लामाबाद, 15 नवम्बर 2023 ।** पाकिस्तान में कट्टरपंथी धार्मिक समूह द्वारा 2017 में किए गए धरने की जांच के लिए नए तथ्य खोज आयोग का गठन किया है। जिसके बारे में पाकिस्तान सरकार ने सुप्रीम कोर्ट को सूचित किया है।

शीर्ष अदालत ने इसी माह की शुरुआत में इस मुद्दे की जांच के लिए गठित एक समिति को खारिज कर दिया था। वहीं अब सुप्रीम कोर्ट ने नए जांच आयोग का समर्थन किया है। साथ ही कहा, उसके पास किसी भी जांच के लि बुलाने की शक्ति होगी। किसी को भी इसमें छूट नहीं मिलेगी।

बता दें शीर्ष अदालत ने एक नवंबर को मामले की सुनवाई करते हुए इस्लामाबाद के फैजाबाद इंटरचेंज में तहरीक-ए-लब्बैक पाकिस्तान (टीएलपी) के 20 दिवसीय धरने की जांच के लिए पिछले तथ्य खोज आयोग को खारिज कर दिया था। बुधवार की कार्यवाही के दौरान, अटॉर्नी जनरल मंसूर उस्मान अवान ने शीर्ष अदालत को सूचित किया कि सरकार ने धरने की जांच के लिए एक नया तथ्य खोज आयोग बनाया है, जिसमें तीन सदस्य शामिल हैं।

इस नए आयोग को धरने के लिए जिम्मेदार व्यक्तियों की जांच करने और उनकी पहचान करने, उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की सिफारिश करने का काम सौंपा गया है। नया आयोग दो महीने के भीतर सरकार को एक रिपोर्ट सौंपेगी। मुख्य न्यायाधीश ईसा ने टिप्पणी की कि नवगठित तथ्य खोज आयोग को पूर्व प्रधानमंत्री, पूर्व सेना प्रमुख और तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश को जांच के लिए बुलाने का अधिकार था। बाद में मुख्य न्यायाधीश ने यह कहकर मामले की सुनवाई स्थगित कर दी कि इसकी सुनवाई दो महीने बाद तय की जाएगी।

# यूएनजीए प्रमुख बोले- सांस्कृतिक सीमाओं से परे है दिवाली की भावना,भारत की स्थायी प्रतिनिधि का जताया आभार

**न्यूयॉर्क,15 नवम्बर 2023 ।** संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) के अध्यक्ष डेनिस फ्रांसिस ने दिवाली के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा है कि यह त्योहार सांस्कृतिक सीमाओं से परे है और हमारी सामूहिक खोज में एक सार्वभौमिक प्रेरणा के रूप में कार्य करती है। रोशनी के त्योहार पर यूएन को एक साथ लाने के लिए उन्होंने संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज को धन्यवाद दिया।

यूएनजीए प्रमुख ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, %मैं हिंदुओं के प्रकाश पर्व दिवाली को मनाने के लिए हमें एक साथ लाने के लिए रुचिरा कंबोज और संयुक्त राष्ट्र में भारत, न्यूयॉर्क को धन्यवाद देता हूं।% उन्होंने कहा, दिवाली की भावना सांस्कृतिक सीमाओं से परे है और यह एक अधिक समावेशी, निष्पक्ष और न्यायपूर्ण दुनिया की हमारी सामूहिक खोज में एक सार्वभौमिक प्रेरणा के रूप में कार्य करती है। दिवाली का जश्न मनाते हुए अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने अपनी पत्नी जिल बाइडन के साथ एक दीया जलाया और कहा कि यह नफरत और विभाजन के अंधेरे पर ज्ञान, प्रेम और एकता की रोशनी पाने के संदेश का प्रतीक है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने मंगलवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक वीडियो पोस्ट किया, जिसमें उन्हें जिल बाइडन के साथ दीप



जलाते हुए देखा जा सकता है। इसके साथ ही उन्होंने लिखा, आज जिल और मैंने नफरत और विभाजन के अंधेरे पर ज्ञान, प्रेम और एकता की रोशनी पाने के दिवाली के संदेश के प्रतीक के रूप में दीया जलाया। उन्होंने कहा, इस अवकाश पर हम हम अपने राष्ट्र की स्थायी भावना को अपना सकते हैं और अपनी साझा रोशनी की ताकत को प्रतिबिंबित कर सकते हैं।

दिवाली के मौके न्यूयॉर्क शहर मं रविवर को प्रतिष्ठित एम्पायर स्टेट बिल्डिंग नारंगी रंग से जगमगा रही थी। न्यूयॉर्क शहर के मेयर एरिक एडम्स और अंतरराष्ट्रीय मामलों के उपायुक्त दिलीप चौहान ने मैनहट्टन के सबसे पुराने हिंदू मंदिर भक्ति केंद्र में हिंदू समुदाय के लोगों के साथ रोशनी का त्योहार मनाया। जून में एरिक एडम्स ने लोकप्रिय हिंदू त्योहार दिवाली को लेकर न्यूयॉर्क शहर में स्कूल की छुट्टी की घोषणा की।

# न्यूयॉर्क के स्कूलों में दिवाली पर रहेगी छुट्टी, गवर्नर होचुल ने कानून पर किए हस्ताक्षर

**नई दिल्ली,15 नवम्बर 2023 ।** एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए न्यूयॉर्क राज्य के गवर्नर कैथी होचुल ने पब्लिक स्कूलों में दिवाली पर छुट्टी वाले कानून पर हस्ताक्षर कर दिए हैं। होचुल ने मंगलवार को कहा, ÷न्यूयॉर्क शहर विभिन्न धर्मों और संस्कृतियों में समृद्ध है, और हम स्कूल कैलेंडर में इस विविधता को पहचानने और जश्न मनाने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठा रहे हैं।÷



होचुल के कार्यालय द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि कानून अनुसार न्यूयॉर्क शहर के सभी पब्लिक स्कूलों को हर साल भारतीय कैलेंडर के आठवें महीने के 15वें दिन बंद रखने की आवश्यकता है, जिसे दिवाली के नाम से जाना जाता है। होचुल ने कहा कि दिवाली को न्यूयॉर्क शहर के स्कूल अवकाश के रूप में नामित करने का कानून ÷हमारे बच्चों के लिए दुनिया भर की परंपराओं के बारे में जानने और जश्न मनाने का एक अवसर है।

होचुल ने दिवाली मनाने के लिए फ्लशिंग में हिंदू टेंपल सोसाइटी ऑफ नॉर्थ अमेरिका में एक विशेष स्वागत समारोह के दौरान कानून पर हस्ताक्षर किए। एक्स पर एक पोस्ट में, होचुल ने कहा कि उनका मानना है कि प्रकाश का उत्सव अंधेरे में नहीं मनाया जाना चाहिए।

यही कारण है कि आज रात, हमने लोगों को एक साथ लाने का कदम उठाया। जैसा कि हम दिवाली मनाने के लिए इकट्ठा हुए थे, मुझे ऐतिहासिक कानून पर हस्ताक्षर करने पर गर्व था, जिससे दिवाली को न्यूयॉर्क शहर के पब्लिक स्कूल की छुट्टी बना दिया गया।

न्यूयॉर्क शहर के शिक्षा विभाग के अनुसार, 2022-23 में संयुक्त राज्य अमेरिका के सबसे बड़े एनवाईसी स्कूल प्रणाली में 1,047,895 छात्र थे। इन छात्रों में से 16.5 प्रतिशत एशियाई थे। शिक्षा विभाग के भीतर 1,867 स्कूल हैं, जिनमें 275 चार्टर स्कूल शामिल हैं।

प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि कानून न्यूयॉर्क शहर के पब्लिक स्कूलों के लिए दिवाली की छुट्टी घोषित करने के लिए शिक्षा कानून में संशोधन करता है। विज्ञप्ति में कहा गया है, ÷न्यूयॉर्क शहर और पूरे राज्य में हिंदू, सिख, जैन और बौद्ध धर्मों के कई लोग दिवाली का त्योहार मनाते हैं और दुनिया भर में 1 अरब से अधिक लोग इस छुट्टी को मनाते हैं।÷

न्यूयॉर्क स्टेट असेंबली की सदस्य जेनिफर राजकुमार, जो न्यूयॉर्क स्टेट ऑफिस के लिए चुनी गई पहली भारतीय-अमेरिकी और पहली हिंदू हैं और न्यूयॉर्क शहर में दिवाली को स्कूलों की छुट्टी बनाने के प्रयासों का नेतृत्व करती हैं, ने कहा कि न्यूयॉर्क वासियों की आने वाली पीढ़ियां अब रोशनी का त्योहार दिवाली मनाएंगी।

# सुरक्षा परिषद 21 वीं सदी की भू-राजनीतिक वास्तविकताओं के दबाव में, भारत ने यूएन में सुधार के लिए दी ये सलाह



**नई दिल्ली,15 नवम्बर 2023।** भारत ने संयुक्त राष्ट्र खासकर सुरक्षा परिषद पर बड़ी टिप्पणी की है। भारत ने कहा है कि सुरक्षा परिषद 21वीं सदी की भू-राजनीतिक वास्तविकताओं के बोझ तले दबा है। भारत के अनुसार बहुपक्षवाद के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय मुद्दों को हल किया जाना चाहिए। महासभा को संयुक्त राष्ट की केंद्रीयता को बहाल करने में अग्रणी भूमिका निभानी चाहिए।

संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन में काउंसलर प्रतीक माथुर ने मंगलवार को कहा कि भारत ने लगातार इस विचार की वकालत की है कि महासभा में नई जान तभी आ सकती है जब संयुक्त राष्ट के मुख्य विचार-विमर्श, नीति निर्माण और प्रतिनिधि अंग के रूप में उसकी स्थिति का अक्षरशः सम्मान किया जाए।

यह धारणा बढ़ रही है कि महासभा धीरे-धीरे अपनी मूलभूत जिम्मेदारियों को भूली

महासभा के कामकाज में नई जान फूंकने पर संयुक्त राष्ट्र महासभा की पूर्ण बैठक को संबोधित करते हुए माथुर ने कहा, ÷हमें यह स्वीकार करना चाहिए कि सभी देशों की सामूहिक आवाज होने के बावजूद इसकी प्रासंगिकता को कमजोर करने का कुछ दोष महासभा और उसके सदस्य देशों पर है। उन्होंने कहा कि यह धारणा बढ़ रही है कि महासभा धीरे-धीरे अपनी मूलभूत जिम्मेदारियों को भूल चुकी है और प्रक्रियाओं के दबाव में है। उन्होंने कहा, इसके अलावा, सुरक्षा परिषद में विषयगत मुद्दों पर चर्चा के प्रयासों ने महासभा की भूमिका और अधिकार को भी कमजोर किया है। माथुर ने कहा कि भारत का मानना है कि बहुपक्षवाद, पुनर्संतुलन, निष्पक्ष वैश्वीकरण और सुधरे हुए बहुपक्षवाद को लंबे समय तक स्थगित नहीं रखा जा सकता।

## चुनाव प्रचार की शुरू में ब्रेक,आज से प्रत्याशी घर-घर जाकर करेंगे मतदान के अपील

- संवाददाता -

**अम्बिकापुर,15 नवम्बर 2023 (घटती-घटना)।** विधानसभा चुनाव के दूसरे व अंतिम चरण का चुनाव प्रचार बुधवार की शाम से थम गया। गुरुवार को प्रत्याशी व उनके समर्थक मतदाताओं से घर-घर जाकर अपने पक्ष में मतदान करने की अपील करेंगे। पिछले कई दिनों से सरगुजा के तीनों विधानसभा सीटों के लिए चुनाव प्रचार काफी जोरों से चल रहा था।

चुनाव आयोग के निर्देशानुसार मतदान के 48 घंटों के भीतर कोई भी प्रत्याशी किसी स्थान पर सभा कर लोगों से वोट नहीं मांग सकेंगे। चुनाव प्रचार में लगे विभिन्न प्रत्याशियों के वाहनों पर लगे भोंपू प्रचार का समय भी बुधवार की शाम छह बजे खत्म हो गया। इसको लेकर प्रचार के आखिरी दिन सडकों पर विभिन्न दलों के कार्यकर्ता प्रचार- प्रसार में पूरा जोश फूंक दिया। शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में अंतिम दिन प्रचार वाहन दौड़ती रही। शाम छह बजे के बाद लोगों को चुनावी शोर से राहत मिली। सरगुजा के तीन विधानसभा सीटों पर चुनाव 17 नवंबर को होना है। इसके लिए निर्वाचन आयोग द्वारा पूरी तैयारी कर ली गई है। गुरुवार को शहर के पॉलिटेक्निक कॉलेज परिसर से मतदान दालों को रवाना किया जाएगा। तीनों विधानसभा सीट के लिए कुल 786 मतदान केन्द्र बनाए गए हैं।

## शांतिपूर्ण मतदान के लिए निगरानीशुदा एवं गुंडा बदमाशों की थाने में लगवाई गई हाजरी

- संवाददाता -

**अंबिकापुर,15 नवम्बर 2023 (घटती-घटना)।** विधानसभा चुनाव के दौरान किसी तरह का कोई व्यावधान उत्पन्न न हो इसके लिए थाना व चौकी प्रभारियों ने गिरानी एवं गुंडा बदमाशों की हाजरी लगवाई गई। एसपी के निर्देश पर थाना, चौकी प्रभारी द्वारा अपने-अपने थाना अंतर्गत निवास करने वाले निगरानी एवं गुंडा बदमाशों की सम्बंधित थाने में हाजरी करवाकर शांतिपूर्ण वातावरण बनाये रखने हेतु निर्देशित किया गया। मतदान प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की बाधा पहुंचाने पर सख्त वैधानिक कार्रवाई की



चेतावनी दी गई। साथ ही निगरानी एवं गुंडा बदमाशों को चुनावों के दौरान अपने-अपने निवास पर उपस्थिति रहने के निर्देश दिए गए हैं। पुलिस पेट्रोलिंग टीम द्वारा समय-समय पर चेक किये जाने पर अपने निवास में उपस्थिति होना पाये जाने हेतु निर्देशित किया गया। सरगुजा पुलिस द्वारा निगरानी एवं गुंडा बदमाशों की चेकिंग अभियान सम्पूर्ण जिले मे चलाकर आसामजिक तत्वों को कड़ा सन्देश दिया गया हैं, जिससे की मतदान प्रक्रिया निर्बाध रूप से संपन्न किया जा सके एवं आदर्श आचार संहिता का प्रभावी रूप से पालन हो।

## दिवाली से एक दिन पूर्व चोरों ने पार किए पटाखा व 5 हजार

- संवाददाता -

**अम्बिकापुर,15 नवम्बर 2023 (घटती-घटना)।** गांधीनगर थाना क्षेत्र के कन्या परिसर में दिवाली से एक दिन पूर्व 11 नवंबर को सूने मकान का ताला तोडक़र चोरों ने बच्चों के लिए रखे हुए पटाखा व 5 हजार रुपए नकदी पार कर दिया है। पीड़ित पत्नी व बच्चों के साथ छोटे भाई के घर खाना खाने मनेन्द्रगढ़ रोड गया था। देर रात को वापस लौटा तो घर का ताला टूटा हुआ था। पीड़ित के भाई ने मामले की रिपोर्ट गांधीनगर थाने में दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार विकास कश्यप कन्या परिसर रोड का रहने वाला है। वह 11 नवंबर की रात को 9 बजे घर का ताला बंद कर परिवार सहित खाना खाने अपने छोटे भाई सृजन सिंह के घर मनेन्द्रगढ़ रोड गया था। रात करीब 11.30 बजे वापस लौटा तो घर का ताला टूटा हुआ था और अंदर सामान बिखरा पड़ा था। इस दौरान चोरों ने बच्चों के लिए खरीद कर रखे गए पटाके व 5 हजार रुपए नकदी पार कर दिए। विकास के भाई सृजन ड्क्षसह ने मामले की रिपोर्ट गांधीनगर थाने में दर्ज कराई है। पुलिस अज्ञात के खिलाफ धारा 380, 457 के तहत अपराध दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# क्या निर्वाचन अधिकारी कर्मचारियों को होने वाले परेशानियों से अनभिज्ञ हैं या फिर अनभिज्ञ बनने का ढोंग कर रहे हैं?


### निर्वाचन विभाग अपनी कमियां सुधारने के बजाय रिटर्निंग ऑफिसर के माध्यम से पत्रकार को ही थमाया नोटिस

### कर्मचारी अपनी ड्यूटी को लेकर ही एक दूसरे से चर्चा में अपनी परेशानियां बताते नजर आ रहे हैं

### क्या अधिकारी एसी कमरे में बैठकर कर्मचारियों को बेहतर व्यवस्था दे रहे हैं या फिर उन्हें अव्यवस्था का ज्ञान नहीं?

### अधिकारी यदि ऑफिस से बाहर निकाल कर कर्मचारियों की लग रही ड्यूटी स्थल पर पहुंच जाते तो आव्यवस्था नजर आ जाती



मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण समिति
जिला-कोरिया(छ0ग0)
Email id- mcmckorea@gmail.com

विषय:- दैनिक घटती-घटना में आपके द्वारा भ्रामक (फेक) समाचार प्रसारित करने पर 24 घण्टे के अंदर समुचित जानकारी उपलब्ध कराने बाबत।

—0—

उपरोक्त विषयान्तर्गत अम्बिकापुर से प्रकाशित दैनिक समाचार पत्र "घटती-घटना" के दिनांक 14 नवम्बर 2023 अंक में "जिला विभाजन के बाद पहला चुनाव संपन्न होगा अव्यवस्थाओं के बीच ऐसी संभावनाओं को मिल रहा बल" शीर्षक से समाचार प्रकाशित किया गया है।

उक्त समाचार में कोरिया एवं एम.सी.बी जिले में विधानसभा निर्वाचन 2023 के संचालन हेतु जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा की गई व्यवस्थाओं के संबंध में भ्रामक एवं गलत जानकारियां दी गई है।

विधानसभा निर्वाचन 2023 हेतु की गई प्रशासनिक तैयारियों के संबंध में जिला निर्वाचन अधिकारी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी या रिटर्निंग ऑफिसर से आपके द्वारा कोई अधिकारिक जानकारी प्राप्त न कर अपुष्ट समाचार प्रकाशित किया गया है। जिससे आम नागरिकों एवं निर्वाचन कार्यों में नियुक्त अधिकारियों के मध्य गलत और भ्रामक जानकारी प्रकाशित हो रही है।

अतः आप भ्रामक समाचार का खण्डन करते हुए जिले के जिम्मेदार अधिकारी से विधानसभा निर्वाचन 2023 की तैयारियों की सही जानकारी लेकर सही समाचार प्रकाशित करें अन्यथा उपलब्ध कानूनी प्रावधानों के तहत आपके विरुद्ध कार्यवाही की जायेगी।

रिटर्निंग ऑफिसर
विधानसभा क्षेत्र क्र0 03 बैकुण्ठपुर
जिला - कोरिया (छ0ग0)

-रवि सिंह-
**कोरिया/एमसीबी, 15 नवम्बर 2023 (घटती-घटना)।**

विधानसभा चुनाव को संपन्न करने के लिए जिन मतदानदल के कर्मचारियों को जिम्मेदारी देकर भेजा जा रहा है उन कर्मचारियों की सुविधा पर ध्यान नहीं दिया गया अव्यवस्थाएं देखी गई जो कर्मचारी के मुंह से ही सुनने को मिल रही थी, जिस पर खबर प्रकाशित करने पर कमियों को सुधारने के बजाय निर्वाचन आयोग ने मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण समिति
जिला - कोरिया द्वारा नोटिस जारी की, नोटिस जारी करने के बजाय यदि कर्मचारी के रवाना हो रहे दल के स्थल पर पहुंचते तो शायद कर्मचारियों की समस्या पता चल जाती पर उन्हें खबरों से अवगत कराने के बावजूद भी समस्या पता नहीं चली उन्हें लगा की खबर उनके विपरीत लग रही है, ऐसे में सवाल यह उठता है क्या निर्वाचन आयोग सही तरीके से काम नहीं करेगा तो क्या उनके कमियों की खबर प्रशासन नहीं किया जा सकता? जिन कर्मचारियों को मतदान दल के लिए भेजा जा रहा है वही कर्मचारी दबी जुबान पर अपनी परेशानियों की चर्चा करते नजर आ रहे हैं। पर उनकी कमियां दूर करने के बजाय उन्हें व्यवस्थित तौर से भेजा जाए इस पर बिल्कुल भी ध्यान देने के बजाय पत्रकार को ही नोटिस देकर डरने का प्रयास किया।

कर्मचरियों से मिली जानकारी के अनुसार विभाजित कोरिया जिले में इस बार का विधानसभा चुनाव अव्यवस्थाओं के बीच संपन्न नजर होता आ रहा है, दो जिलों में अधिकारी आपसी सामंजस्य बना पाने में असमर्थ साबित हो रहे हैं वहीं देखा जा रहा है की तैयारियों को लेकर व्यवस्था बिल्कुल ही लचर है। मतदान दलों को सूचना भी देर से मिलती रही वहीं उनके अंदर असमंजस की स्थिति भी देखी गई वहीं इसी बीच एक खबर मतदान दल को लेकर जा रही एक बस से जुड़ी सामने आई है जो दुर्घटनाग्रस्त हो गई जिसमे मतदान दल के कर्मचारियों की जान बाल बाल बची,बता दें की इस बार विभाजित कोरिया जिले की तीन विधानसभाओं में होने जा रहे चुनावों में एक जिले के कर्मचारी दूसरे जिले भेजे गए हैं और इसके लिए उन्हें वाहन सुविधा दी गई है वैसे तो लेकिन कई जगहों के कर्मचारियों को वाहन सुविधा भी नहीं दी गई है जो उनके लिए समस्या का सबब बना हुआ है,मतदान दलों के संलग्न कर्मचारियों को सबसे बड़ी दिक्कत यह सामने आई जो देखी जा रही है वह यह मानी जा रही है की एक जिले से दूसरे जिले उन्हे भेजा जा तो रहा है लेकिन चुनाव संचालन कर रहे अधिकारी कर्मचारी मतदान दलों को सही दिशा निर्देश नहीं दे पा रहे हैं। इस आशय की खबर पहले भी घटती घटना ने प्रकाशित की थी जिसके एवज में घटती घटना के पत्रकार को प्रशासन ने नोटिस भेजकर भ्रामक जानकारी फैलाने की बात कही है जबकि इस चुनाव में जो कुछ देखा जा रहा है वह पूरी तरह से अव्यवस्था से जुड़ा नजर आ रहा है जिसे नकारा नहीं जा सकता इसके पीछे की वजह दो जिलों में आपसी सामंजस्य का अभाव माना जा रहा है।

### एक बस हुई दुर्घटनाग्रस्त

वैसे कोरिया सहित एमसीबी जिले के कर्मचारियों का पहला जत्था दो दिन पूर्व मतदान के रवाना किया गया और यह वह दल था जो दूरस्थ क्षेत्रों में मतदान कराएगा इसलिए इन दलों को पहले भेजने का प्रयास किया गया जिसमे एक बस दुर्घटनाग्रस्त हुई जिसमे अच्छी बात यह रही की किसी कर्मचारी को चोट नहीं आई क्योंकि दुर्घटना ऐसी जगह हुई जो समतल जगह थी और बस कुछ दूर जाकर रेत में धंस गई। वैसे मतदान दल की बस दुर्घटना का जो कारण सामने आया है उसके अनुसार बस के अगले पहिए की किंग पिन टूटी और बस एक तरफा एक तरफ खींची चली गई वहीं झटके में बस रेत में जाकर धंस गई।इस दुर्घटना के बाद एक और बात मतदान दल के कर्मचारियों के बीच से सुनने को मिली की मतदान दलों की वापसी के दौरान यदि यह हादसा होता जो रात का समय होता तब यह बड़ी दुर्घटना साबित हो सकती थी। वैसे सवाल यह भी है की वाहन अधिग्रहित करते समय वाहनों की स्थिति का आंकलन क्या वाहन अधिग्रहित करने वालों ने नहीं किया वहीं दूरस्थ क्षेत्र के लिए जंगल पहाड़ वाले क्षेत्र के लिए कंडम बसों को क्यों मतदान दल के कर्मचारियों को लाने ले जाने के लिए लगाया गया अच्छी बसों को क्यों नहीं लगाया गया। खैर मतदान दल के कर्मचारियों ने ईश्वर को धन्यवाद दिया जिनकी बस दुर्घटनाग्रस्त हुई। विभाजित कोरिया जिले में चुनाव दो जिला निर्वाचन अधिकारी संपन्न करा रहे हैं वहीं दोनो जिलों के बीच आपसी तालमेल बैठाने का काम जिला पंचायत सीईओ कर रहे हैं फिर भी अव्यवस्था से इंकार नहीं किया जा सकता।

### दुर्घटनाग्रस्त बस को ही पुनः भेजने की थी तैयारी,जंगल में तीन घंटे फंसे रहे मतदान दल के कर्मचारी,तीन घंटे बाद उन्हे उपलब्ध कराई गई दूरी बस

भरतपुर के दूरस्थ क्षेत्र मतदान दल को लेकर जा रही जो बस दुर्घटनाग्रस्त हुई उसके मतदान दल के कर्मचारी तीन से चार घंटे जंगल के बीच फंसे रहे। पहले दुर्घटना ग्रस्त कंडम बस को ही थोड़ी मरमत्त कराकर भेजने का प्रयास किया गया लेकिन बस मरम्मत योग्य नहीं मानी गई और असफल होकर पुनः दूसरी बस तीन से चार घंटे बाद भेजी गई तब जंगल में फंसे कर्मचारी अपने गंतव्य तक पहुंच सके।



जिला विभाजन के बाद पहला चुनाव संपन्न होगा अव्यवस्थाओं के बीच
ऐसी संभावनाओं को मिल रहा बल

### अधिकांश मतदान दलों को अभी तक नहीं पता की दल में कौन-कौन है शामिल

इस बार कोरिया और एमसीबी जिले में होने वाले विधानसभा चुनाव में अधिकांश मतदान दलों को अंतिम प्रशिक्षण तक दल में पदर्थ कर्मचारियों अधिकारियों के बारे में पता नहीं चल पाया, नहीं उनसे मुलाकात हो पाई है। ताकि वह आपसी सामंजस्य से बना कर मतदान कार्य को आसानी पूर्वक संपन्न कर सकें। इसका कारण यह है कि जिला विभाजन के पश्चात दोनों जिलों के अधिकारियों के बीच आपसी तालमेल का ना होना। जिसके कारण मतदान दल के अधिकारियों कर्मचारियों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

### कई क्षेत्र से कर्मचारियों को कैसे पहुंचना है सामग्री उठाव स्थल तक तय नही

एक जिले से दूसरे जिले मतदान दलों में संलग्न कर्मचारियों को सामग्री उठाव करने अलग अलग जिले जाना है,उन्हे किस साधन से सामग्री उठाव स्थल तक जाना है यह भी कई जगहों के कर्मचारियों को पता नहीं है,कुल मिलाकर मतदान दल के कर्मचारी कहीं न कहीं परेशान हैं।

### सूरजपुर जिले में जिला निर्वाचन अधिकारी ने की है मतदान दलों के लिए अच्छी व्यवस्था

एक तरफ विभाजित कोरिया जिला है जहां ले देकर चुनाव संपन्न होने जा रहा है वहीं एक तरफ बगल का ही जिला सूरजपुर है जहां जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदान दलों के कर्मचारियों के लिए बेहतर व्यवस्था की है। वहां मतदान दलों के लिए आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराने का निर्देश जिला निर्वाचन अधिकारी ने किया है।

### दिन में मतदान दल कर्मचारियों के लिए भोजन की कोई व्यवस्था नहीं की गई,शाम को एक ही जगह 34 दलों के लिए आनन-फानन में बनाया गया भोजन

सुबह चार बजे से घर से निकले मतदान दल के कर्मचारी बिस्किट और नमकीन के ही भरोसे नजर आए,दिन में उन्हे भोजन नसीब नहीं हुआ वही उन्हे रात का भोजन आनन फानन में बनाकर किसी तरह दिया गया। कर्मचारियों में से कुछ ने अलग से भोजन की खुद व्यवस्था अलग अलग जगह की क्योंकि कई मधुमेह रोग से ग्रसित भी कर्मचारी मतदान दल में शामिल थे जिन्हे रोटी की जरूरत थी जो उपलब्ध नहीं थी वहीं रात के भोजन में उन्हे दाल चावल और आलू की सब्जी ही प्रदान की गई

### जारी नोटिस

मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण समिति जिला-कोरिया (छग) रवि रंजन सिंह जिला प्रतिनिधि दैनिक घटती-घटना बैकुण्ठपुर जिला कोरिया नोटिस जारी क्र दैनिक घटती घटना द्वारा भ्रामक (फेक) समाचार प्रसारित करने पर 24 घण्टे के अंदर समुचित जानकारी उपलब्ध कराने हेतु जारी कहा की -0- उपरोक्त विषयान्तर्गत अम्बिकापुर से प्रकाशित दैनिक समाचार पत्र घटती-घटना के दिनांक 14 नवम्बर 2023 अंक में जिला विभाजन के बाद पहला चुनाव संपन्न होगा अव्यवस्थाओं के बीच ऐसी संभावनाओं को मिल रहा बल÷ शीर्षक से समाचार प्रकाशित किया गया है। उक्त समाचार में कोरिया एवं एम.सी.बी जिले में विधानसभा निर्वाचन 2023 के संचालन हेतु जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा की गई व्यवस्थाओं के संबंध में भ्रामक एवं गलत जानकारियां दी गई है। विधानसभा निर्वाचन 2023 हेतु की गई प्रशासनिक तैयारियों के संबंध में जिला निर्वाचन अधिकारी, उप जिला निर्वाचन अधीकारी या रिटर्निंग ऑफिसर से आपके द्वारा कोई अधिकारिक जानकारी प्राप्त न कर अपुष्ट समाचार प्रकाशित किया गया है। जिससे आम नागरिकों एवं निर्वाचन कार्यों में नियुक्त अधिकारियों के मध्य गलत और भ्रामक जानकारी प्रकाशित हो रही है। अतः आप भ्रामक समाचार का खण्डन करते हुए जिले के जिम्मेदार अधिकारी से विधानसभा निवार्चन 2023 की तैयारियों की सही जानकारी लेकर सही समाचार प्रकाशित करें, अन्यथा उपलब्ध कानूनी प्रावधानों के तहत आपके विरूद्ध कार्यवाही की जावेगी। यह नोटिस रिटर्निंग ऑफिसर विधानसभा क्षेत्र क्र0 03 बैकुण्ठपुर जिला - कोरिया (छ0ग0) द्वारा जारी किया गया।

---

# क्या भरतपुर-सोनहत के मतदाता दोनों मुख्य राजनीतिक दल के जुमलेबाजी से हो चुकी है त्रस्त?

## क्या तीसरे विकल्प को साधने की है तैयारी?

-रवि सिंह-
**कोरिया सोनहत, 15 नवम्बर 2023 (घटती-घटना)।**

अजब गजब चुनाव किसी की भाषा शैली बेलगाम तो किसी को नाच गाने का रहा है शौक। आइए जानते हैं विधान सभा चुनाव 2023 के हालात विधानसभा क्र01 मतलब भरतपुर सोनहत जिसके हालिया हालात और बेतुकी जुमलेबाज़ी से यहां के मतदाता हैं दिग्भ्रमित।किसी को उसी के मतदाता इस वजह से खदेड़ कर बाहर का रास्ता दिखा रहे हैं क्योंकि मुख्य मंत्री के बड़बोले युवराज ने क्षेत्र में ज्यादा विकाश कर डाला है।मतलब विकास पुरुष।वहीं अगर अन्यत्र क्षेत्र से अपनी किस्मत आजमाने भरतपुर सोनहत विधानसभा आई मंत्री महोदया की जुबानी बयान बाजी और तमाम घोषणाएं यहां मतदाताओं को सिर्फ बेतुका मजाक सा लग रहा है।उक्त भाजपा प्रत्याशी जिस तरह बिना किसी ठोस आधार के रेल लाईन,जिले की सौगात जैसे जुमलों की बरसात करके तीर और तुक्कों से जीतने की जुगत में हैं।उन्हें शायद 3 तारीख के बाद भारी निराशा का सामना न करना पड़ जाए।मतदाताओं की राय की बात करें तो




विधानसभा के बुद्धिजीवी और जागरूक लोगों का कहना है की अंबिकापुर बरवाडीह रेल लाईन को जहां कई दशक लग गए वो रेल परियोजना आज भी जस की तस है तो यह घोषणा में कितना दम है अंदाजा लगाया जा सकता है।पब्लिक पोल से यह भी जानकारी मिली की चांग बखार जिला बनाने की हवा हवाई घोषणा भी इतनी पुख्ता नही है।जिसे घोषणा पत्र में भी शामिल नहीं किया गया।तो कहा जा सकता है की दोनो प्रमुख्य दल के प्रत्याशियों की बातें भरतपुर सोनहत विधानसभा के मतदाताओं को सिर्फ छलावा और कुर्सी की चुनावी चालबाजी ही मानकर चल रहे हैं।हालांकि यहां के मतदाताओं में यह भी चर्चा का विषय है की भाजपा प्रत्याशी को उनके विधानसभा में कार्यकर्ता नही मिल रहे हैं क्या जो सूरजपुर अंबिकापुर और मध्य प्रदेश से सपोर्टर और कार्यकर्ताओं का सहयोग लेना पड़ रहा है।इन सभी पहलुओं के बाद अब अगर मान भी लिया जाए तो यहां के मतदाताओं का अंतिम विकल्प क्या होगा।क्या क्षेत्र में लंबे समय से साफ सुथरी राजनीतिक छवि और आमजन के लिए सहज सरल गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के आदिवासी वर्ग के प्रत्याशी श्याम सिंह मरकाम को अपना नेतृत्व सौंपने की कगार पर है।और क्या इन मदाताओं के आलावा पिछले चुनाव के बढ़ते सम्मानजनक आंकड़ों से गोंडवाना गणतंत्र पार्टी भी अपना दमखम दिखाने में कामयाब रहेगी।17 नवंबर में ज्यादा वक्त नहीं क्या उसी दिवस परिणाम का आधा फिक्र साफ हो जाएगा की आखिर भरतपुर सोनहत की आमजनता ने किसे हीरो माना है।

---

### कांग्रेस और बीजेपी एक ही थैली के चट्टे-बट्टे इतनी भी परवाह नहीं की किसके बैनर तले कर रहे हैं काम

# कांग्रेस का बीजेपी के साथ का भाईचारा

## कांग्रेस के आम सभा में बीजेपी का झंडा लगा रहा



-रवि सिंह-
**बैकुण्ठपुर, 15 नवम्बर 2023 (घटती-घटना)।**

एक अजीबोगरीब स्थिति तब देखने को मिली जब कांग्रेस और बीजेपी के साथ का भाईचारा दिखाई दिया और कांग्रेस के आम सभा में बीजेपी का झंडा लहर रहा था। वैसे आम जनता तो यही कहती रही है की दोनों पार्टियों एक ही थैली के चट्टे बट्टे हैं, और दोनों की करनी करतूत में कोई विशेष अंतर भी नहीं है। एक दूसरे पर भले ही आरोप प्रत्यारोप लगाते रहे हैं। शासन आने पर हमेशा से एक दूसरे का बचाव ही करते रहे हैं। कई सारे ऐसे मामले देखे गए हैं जब विपक्ष में रहते हुए कांग्रेस ने भारतीय जनता पार्टी पर और भारतीय जनता पार्टी ने कांग्रेस पर आरोप लगाया है। परंतु सत्ता शासन आने पर ऐसे मामलों की जांच करने की बजाय एक दूसरे को क्लीन चीट देते नजर आए। और भोली भाली जनता को दोनों पार्टियों मिलकर बेवकूफ बनाते रहे। इन्हें इतनी भी परवाह नहीं की किसके बैनर तले यह काम कर रहे हैं, किसके झंडे तले रही है काम कर रहे हैं। उनके नेताओं को दिखाई और सुनाई दे। यह बड़ा ही अजीबोगरीब था, जब कांग्रेस के आम सभा में बीजेपी का झंडा लगा रहा और इस और किसी ने ध्यान नहीं दिया। देखने वाली जनता तो यह कह रही है कि यह दोनों का अंदरुनी भाईचारे का मामला है। जो आज सामने भी दिखाई दे गया।

# आज से थम गया चुनाव प्रचार...अब डोर टू डोर पहुंचेंगे प्रत्याशी

## परिदृश्यता के साथ होगा मतदान,प्रत्याशियों का भाग बंद होगा 17 नवम्बर को पेटी में...खुलेगा 3 दिसंबर को

## मतदान को लेकर प्रत्याशियों की नींद उड़ी जुटे हुए हैं अभी भी मतदाताओं को ज्यादा-ज्यादा अपने पक्ष में करने

## बैकुण्ठपुर एवं सोनहत के दो लाख से अधिक मतदाता करेंगे 17 नवम्बर को मतदान

## एक महिला प्रत्याशी सहित आठ लोगों का होगा भाग्य का फैसला

-रवि सिंह-
बैकुंठपुर,15 नवम्बर 2023
(घटती-घटना)।

छत्तीसगढ़ विधानसभा का दूसरे चरण का अंतिम मतदान 17 नवंबर को संपन्न होना है जिसे लेकर 15 तारीख की शाम से ही प्रचार थम जाएगा जिसे लेकर प्रत्याशी पूरे दिन बिना समय व्यर्थ किया मतदाताओं से संपर्क करने में जुटे रहे, अब डोर टू डोर मतदाताओं तक पहुंचना ही एकमात्र विकल्प है क्योंकि आम सभा होगी नहीं और वाहनों से भी प्रचार बंद हो जाएंगे, इस समय सारे प्रत्याशी काफी तनाव में है और कभी मेहनत करते दिख रहे हैं ताकि मतदाताओं को अपनी तरफ कर सकें और चुनाव जीत सकें इस बार का चुनाव काफी रोमांचक होने वाला है, ढोल नगाड़े के साथ प्रत्याशी व समर्थक रोड शो करते हुए मतदाताओं से अपना मत मांग रहे हैं और अपने तरफ मतदान करने का आग्रह कर रहे हैं पर अब मतदाता किधर किसको मौका देंगे यह तो 17 नवंबर को मत पीटी में बंद हो जाएगा पर इसका फैसला 3 दिसंबर को सामने आएगा, किस प्रत्याशी के सर पर जीत का सेहरा होगा और किसके सर पर हर का सेहरा बंधेगा यह तो परिणाम दिवस को ही पता चलेगा।

प्रदेश में दो चरणों में मतदान होना है। पहले चरण में 20 विधानसभा के लिए 7 नवम्बर को मतदान हो चुका वहीं द्वितीय चरण के लिए 70 विधानसभा सीटों के लिए 17 नवम्बर को मतदान होगा। कोरिया जिले के अंतर्गत बैकुंठपुर विधानसभा निर्वाचन क्रमांक 03 में 17 नवम्बर 2023 को मतदान होगा। बैकुंठपुर में 8 प्रत्याशी है। बैंकुण्ठपुर विधानसभा क्रमांक-3 में कांग्रेस प्रत्याशी श्रीमती अंबिका सिंहदेव, आम आदमी पार्टी से डॉ. आकाश कुमार, जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) से दुर्गेश साहू, भारतीय जनता पार्टी से भइया लाल राजवाड़े, भारतीय शक्ति चेतना पार्टी से श्री मेजर प्रसाद यादव, समाजवादी पार्टी से श्री सोमार साय लोहार, गोंडवाना गणतंत्र पार्टी से श्री संजय सिंह कमरो तथा एक निर्दलीय प्रत्याशी श्री बृजमोहन साहू अपना भाग्य आजमा रहे हैं। बैकुण्ठपुर विधानसभा क्रमांक- 03 में 228 मतदान केन्द्र बनाए गए हैं इनमें पुरुष मतदाताओं की संख्या 84 हजार 47 है तथा महिला मतदाताओं की संख्या 84 हजार 29 एवं तृतीय लिंग मतदाताओं की संख्या 5 है। इस तरह 1 लाख 68 हजार 81 मतदाता है। वहीं भरतपुर -सोनहत (आंशिक) विधानसभा निर्वाचन में 78 मतदान केन्द्रों में पुरुष मतदाताओं की संख्या 18 हजार 159, महिला मतदाताओं की संख्या 18 हजार 215 तथा तृतीय लिंग मतदाताओं की संख्या मात्र एक है। इस तरह 306 मतदान केन्द्रों में 2 लाख 4 हजार 456 मतदाता इस लोकतंत्र के साक्षी बनेंगे। 18 से 19 वर्ष के नए मतदाताओं की संख्या 6 हजार 493 हैं, जो पहली बार मतदान करेंगे। इसी तरह दिव्यांग मतदाताओं की संख्या 2 हजार 90 है और 80 वर्ष ये उससे अधिक उम्र के मतदाताओं की संख्या 1 हजार 231 है। अगर जेण्डर रेसियों की बात करें तो 1000 है। बैकुण्ठपुर विधानसभा के मतदाताओं को प्रतिशत में जान लेते हैं। 18 से 19 वर्ष की मतदाता 3.86, 20 से 29 वर्ष 24.48, 30 से 39 वर्ष 29.23, 40 से 49 वर्ष 18.89, 50 से 59 वर्ष के 13.17, 60 से 69 वर्ष के 6.92, 70 से 79 आयु के 2.72, 80 से 89 आयु के 0.62, 90 से 99 आयु के 0.10 तथा 100 से 109 आयु के मतदाताओं की संख्या 0.01 प्रतिशत है।






### पोस्टल बैलेट से मतदान

बैकुंठपुर विधानसभा निर्वाचन के तहत 80 वर्ष या उससे अधिक उम्र के मतदाताओं व 40 प्रतिशत या उससे अधिक दिव्यांग मतदाताओं व अन्य जिले से स्थानांतरित होकर आए कर्मचारियों ने पोस्टल बैलेट से मतदान किया है। अब तक 950 मतदाताओं ने पोस्टल बैलेट (डाक मतपत्र) से मतदान किया है। 16 नवम्बर को सुबह 6 बजे से दोपहर 12 बजे तक शासकीय रामानुज हाई स्कूल, बैकुंठपुर में छूटे कर्मचारी पोस्टल बैलेट से मतदान कर सकते हैं।

### मतदान केन्द्र

बैकुण्ठपुर नगरीय-निकाय में 13, बैकुण्ठपुर ग्रामीण में 84, चरचा नगरीय-निकाय में 15, पटना में 73, बचरा पोंड़ी में 43 मतदान केन्द्र बनाए गए हैं।

### विशेष मतदान केन्द्र

इसी तरह भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर विशेष मतदान केन्द्र बनाए गए हैं, जिसमें 10 संगवारी मतदान का संचालन महिलाओं के द्वारा किया जाएगा, एक-एक दिव्यांग एवं युवा मतदान केन्द्र बनाया गया है साथ ही 5 मॉडल मतदान केन्द्र के अलावा 150 वेबकास्टिंग मतदान केन्द्र भी बनाया गया है।




### सवा माह में 72 हजार का मदिरा जब्त

जिला आबकारी कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार आचार संहिता लगने से लेकर 13 नवम्बर तक 51 जगहों पर छापेमारी कार्यवाही की गई, जिसमें 31 प्रकरण कायम करते हुए 29 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है और 72 हजार 330 रुपये के 324 लीटर मदिरा व 320 किलोग्राम महुआ लाहन की जब्ती की गई। इस तरह बैकुण्ठपुर विधानसभा एवं सोनहत के दो लाख से अधिक मतदाता बनेंगे मजबूत लोकतंत्र के साक्षी।

### अधिकारी-कर्मचारी व वाहन व्यवस्था

विधानसभा निर्वाचन सुगम, सुलभ हो इसके लिए जिला निर्वाचन आयोग ने वाहनों की व्यवस्था भी कर ली है। इसमें 30 नग बेलोरो, 23 बस, 54 मिनी बस, 20 पिक-अप, 7 ट्रेक्टर तथा 5 ट्रक के माध्यम से चुनाव कार्य को सम्पन्न करने के लिए 50 रूट्स, 120 वाहन और 24 सेक्टर ऑफिसर को लगाया गया है। निर्वाचन कार्य में लगभग एक हजार से अधिक अधिकारी -कर्मचारियों की ड्यूटी लगी हुई है। मतदान के लिए माइक्रो ऑब्जर्वर 23, बीएलओ 228 तथा बीएलओ सुपरवाइजर 30 लगाए गए हैं।

### निर्वाचन संबंधी जानकारियां व शिकायत यहां करें

जिला निर्वाचन कार्यालय में कॉल सेंटर स्थापित किया गया है, जो 24 घंटे कार्य कर रही है। 1950 अथवा 07836-232555 डायल कर निर्वाचन संबंधी जानकारियां व शिकायत कर सकते हैं।

### सबसे कम मतदाता

संभवतः प्रदेश में किसी मतदान केन्द्र में सबसे कम मतदाताओं की संख्या इस जिले में हो। मतदान केन्द्र सेहराडांड में 3 पुरुष मतदाता तथा 2 महिला मतदाता हैं, कांटों में 7 पुरुष तथा 5 महिला मतदाता हैं, वहीं रवला मतदान केन्द्र के अंतर्गत 14 पुरुष मतदाता तथा 9 महिला मतदाता ही मतदान करेंगे।

# जिले में आठ हजार से अधिक अधिकारी-कर्मचारी कराएंगे मतदान



-संवाददाता-
कोरबा,15 नवम्बर 2023
(घटती-घटना)।

विधानसभा निर्वाचन 2023 अन्तर्गत कोरबा जिले में मतदान हेतु सभी मतदान केंद्रों में आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। कोरबा जिले में 1081 मतदान केन्द्र बनाये गये हैं। सभी मतदान केन्द्रों में एक पीठासीन अधिकारी, मतदान दल अधिकारी-1, मतदान दल अधिकारी-2 एवं मतदान दल अधिकारी-3 तथा एक पुलिस की ड्यूटी लगाई गई है। संवेदनशील तथा अति संवेदनशील मतदान केन्द्रों में अतिरिक्त बल लगाया गया है। इसके अलावा 115 सेक्टर अधिकारी, 52 माइक्रो आब्जर्वर की ड्यूटी लगी है। आपातकालीन स्थितियों के लिए लगभग एक हजार मतदान कर्मियों को रिजर्व में रखा गया है। जिले में आठ हजार से अधिक अधिकारी-कर्मचारी मतदान प्रक्रिया को संपन्न कराने अपनी भूमिका निभायेंगे। मतदान 17 नवंबर को सुबह आठ बजे से शाम पांच बजे तक संपन्न होगा। मतदान कर्मियों को सामग्री का वितरण 16 नवंबर को आईटी कॉलेज झगरहा से किया जायेगा। यहां आवश्यक व्यवस्थाएं भी कर ली गई है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सौरभ कुमार ने बताया कि जिले में मतदान हेतु सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई है। जिले के मतदाता अपने संबंधित विधानसभा क्षेत्रों के नजदीकी मतदान केन्द्रों में पहचान पत्र साथ ले जाकर निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से बिना किसी के दबाव में आए मतदान कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि मतदान केन्द्रों में सभी प्रकार की व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई है। पेयजल, शौचालय, बिजली, फर्नीचर, रैम्प की सुविधाएं मुहैया कराई गई है।

# भाजपा की सरकार बनी तो हाथी के हमले से हुए मौत पर आश्रितों को मिलेगा 7.50 लाख:अमित शाह

-संवाददाता-
कोरबा,15 नवम्बर 2023
(घटती-घटना)।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को घंटा घर में आमसभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस पर जमकर बरसे। उन्होंने भूपेश बघेल पर भी निशाने साधे । ओपन थिएटर घंटाघर में जनसभा को संबोधित करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि भाजपा ने रमन के नेतृत्व में विकसित राज्य बनाया था पर कांग्रेस इन पांच सालों में राज्य के विकास को पंद्रह साल पीछे धकेल दिया है । राज्य में सरकार बना दीजिए, हम राज्य को शिक्षा का हब बनाएंगे। एक लाख युवाओं को रोजगार देंगे । उन्होंने कहा के भाजपा सरकार प्रदेश में घोटाला करने वालों को नही बख्शेगी । कांग्रेस ने पिछ्ले चुनाव में शराब को लेकर जो बंद करने की कसमें खाई थी उसमे पूर्ण रूप से विफल हुए । वहीं बेरोजगारी भत्ता के नाम पर युवाओं को गुमराह किया। इस सरकार ने मंडी टैक्स बढ़ा दिया ,पेंशन नही दिया। प्रति वर्ष चार सिलेंडर देना था वह भी नही दिया सिर्फ बड़ी बड़ी बातें की पर जमीनी हकीकत में कांग्रेस सरकार पूर्ण रूप से विफल रही । एक बार भाजपा में पुनः विश्वास कर भाजपा प्रत्याशियों को जीत दिलाएं ,हम वादा करते है की भाजपा पुनः सरकार में आने पर सभी वादों एवं योजनाओं को पूरा किया जाएगा । उन्होंने कहा के जिले में हाथियों का आवागमन बहुत अधिक होने से यहढ्ढ जान माल की भी हानि हो रही है ,जिसे देखते हुए भाजपा का प्रदेश में सरकार बनते ही हाथियो के हमले से मौत पर 7 लाख 50 हजार की अनुग्रह राशि दी जाएगी। केंद्रीय गृहमंत्री ने कहा कि भूपेश काका के राज में आए दिन माताओं बहनों के साथ अन्याय और अत्याचार होता आया है। हमने गारंटी दी है कि कमल की सरकार बनने पर महतारी वंदना योजना के तहत हर माता बहनों को 12 हजार रुपया प्रति माह दिया जाएगा। भूपेश काका को मालूम है कि वे आने वाले नहीं हैं, इसलिए उन्होंने कुछ ज्यादा देने की घोषणा कर दी ,लेकिन जिनकी खुद की कोई गारंटी ना हो उसकी गारंटी को भला कौन मानेगा? इस चुनाव में एक तरफ भाजपा है और दूसरी तरफ कांग्रेस है । कांग्रेस का मतलब है विनाश, भ्रष्टचार, अत्याचार और आपके हकों पर डाका डालना। भाजपा का मतलब है विकास, तरक्की, लोगों की सरकार, विकास की सरकार, महिला सशक्तिकरण करने वाली सरकार, किसानों के हितों की रक्षा करने वाली सरकार और अनुसूचित जनजाति के भाइयों-बहनों को मुख्यधारा में खड़ा करने वाली सरकार। उन्होंने कहा कि भूपेश सरकार ने प्रदेश में घोटाले पर घोटाला किया है। हजारों करोड़ के घोटाले करने क काम कांग्रेस सरकार ने किया है। यहां तक कि गोब घोटाला करने का काम भी इन्होंने ही किया । ज वादा किया था कांग्रेस सरकार ने नहीं निभाया आखिर में श्री शाह ने कहा के इस बार तीन बा दिवाली मनाएंगे । एक दिवाली आप मना चुके है दूसरी दिवाली 3 दिसंबर को अपने प्रत्याशी क जीत और भाजपा की सरकार बनने पर मनाएंगे तीसरी दिवाली 22 जनवरी को रामलल्ला के प्रा प्रतिष्ठा पर मनाई जाएगी साथ ही कहा कि आ सबको प्रदेश में भाजपा की सरकार बनते ह अयोध्या की बारी-बारी निशुल्क यात्रा भी करा जाएगी। गृहमंत्री के आम सभा में 15000 स अधिक संख्या में लोग सम्मिलित हुए ।





# एसईसीएल गेवरा ने पांच शासकीय आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालयों हेतु प्रथम किस्त रू 324.74 लाख किया जारी

-संवाददाता-
कोरबा,15 नवम्बर 2023 (घटती-घटना)।

एसईसीएल गेवरा क्षेत्र ने कोरबा जिले के खदान प्रभावित क्षेत्रों के 05 शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों को शासकीय आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालयों में रूपांतरित करने हेतु सीएसआर मद अन्तर्गत कुल राशि रू. 891.00 लाख रू की स्वीकृति प्रदान की हैं । जिसके संदर्भ में प्रथम किस्त की कुल राशि रू. 324.74 लाख डिपॉजिट बेसिस पर ज़िला कलेक्टर, कोरबा को जारी कर दिया गया हैं ।एसईसीएल, गेवरा क्षेत्र के महाप्रबंधक श्री एस.के. मोहंती ने ज़िला कलेक्टर, कोरबा को रू. 324.74 लाख का चेक सौपा। उक्त कार्य अंतर्गत विद्यालयों के भवन को उच्च स्तरीय बनाने हेतु भवन का रेनोवेशन, अतिरिक्त कक्षा कक्ष, साइंस लैब, कंप्यूटर सेट, डेस्क-बेंच, ग्रीन बोर्ड, खेल-कूद की सामग्री इत्यादि सुविधा प्रदान की जाएगी ।

# आईटीआई भवन पर्री (स्ट्रॉन्ग रूम) से आज सुबह 6 बजे मतदान सामग्री का होगा वितरण

पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित, जहां से मतदान दल होगा रवाना



-संवाददाता-
सूरजपुर,15 नवम्बर 2023
(घटती-घटना)।

16 नवंबर को आईटीआई भवन पर्री (स्ट्रॉन्ग रूम) से सुबह 06:00 बजे मतदान सामग्री का वितरण किया जाएगा। जिसके लिए ड्यूटी में लगाए गए मतदान दल के लोग सुबह 05:00 बजे ही अपनी उपस्थिति वहां दर्ज करेंगे। इसके पश्चात मतदान अधिकारी 1, 2, 3 अपने पीठासीन अधिकारी के साथ समन्वय स्थापित करेंगें और अपने सेक्टर अधिकारी और जोनल अधिकारी को रिपोर्टिंग करेंगे। इसके उपरांत वो मतदान सामग्री लेकर मतदान केंद्र की ओर रवानगी करेंगे।

मतदान दल और मतदान सामग्री सुरक्षित रूप से मतदान केंद्र में पहुंच जाए इसके लिए जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजय अग्रवाल के निर्देश पर सभी तैयारियां पूर्व से ही सुनिश्चित कर ली गई हैं। पार्किंग व्यवस्था भी सुनिश्चित कर ली गई है ताकि मतदान दल समय पर निकल सके। जिसके तहत सामग्री वितरण केंद्र के पीछे स्थित मैदान पर पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। जिसको चार हिस्सों में बांटा गया है। जिसमें तीन हिस्से में तीनों विधानसभा क्षेत्र प्रेमनगर (04), भटगांव (05) व प्रतापपुर (06) के लिए विधानसभा वार मतदान केंद्र के लिए लगभग 150 बसें खड़ी होगीं। जो कि निर्धारित किए गए रूट के आधार पर मतदान दल को लेकर रवाना होगीं।


## फारमेंट सी-2

(राजनैतिक दलों के लिए वेबसाइट, समाचार-पत्रों/टी वी में प्रकाशन हेतु)

दल द्वारा खड़े किए गए अभ्यर्थियों के आपराधिक पूर्ववृत के बारे में घोषणाः
(वर्ष 2011 की रिट याचिका (सिविल) सं, 536 (पब्लिक इंटरेस्ट फाउंडेशन एवं अन्य बनाम भारत संघ एवं अन्य) में माननीय उच्चतम न्यायालय के दिनांक 25 सितम्बर, 2018 के निर्णय के अनुसार)
राजनैतिक दल का नामः गोड़वाना गणतंत्र पार्टी
निर्वाचन का नामः विधानसभा 2023, बैकुंठपुर 03
राज्य संघ शासित क्षेत्र का नामः छत्तीसगढ़

| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | निर्वाचन क्षेत्र का नाम | अभ्यर्थी का नाम | (क) लंबित आपराधिक मामले | (ख) आपराधिक मामलों के लिए दोषसिद्धि के विषय के संबंध में विवरण | | |
| | बैकुण्ठपुर 03 | इंजीनियर संजय सिंह कमरो | न्यायालय का नाम मामले की सं. एवं मामला (मामलों) की स्थिति | न्यायालय का नाम एवं आदेश (शो) की तारीख (तारीखें) | अपराध (घों) और अधिरोपित दण्ड का विवरण | अधिकतम अधिरोपि तदंड |
| | | निरंक | निरंक | प्रकरण क्रमांक 91/11 दिनांक 29/03/2012 न्यायिक मजिस्ट्रेट बैकुण्ठपुर कोरिया | 323/34 | 500 रूपए |

सभा के निर्वाचन अथवा विधान सभा सदस्यों द्वारा विधान परिषद के निर्वाचन के मामले में निर्वाचन क्षेत्र के नाम के स्थान पर निर्वाचन का उल्लेख करें।

Advt.:16-11-2023

# भारत चौथी बार वनडे वर्ल्ड कप के फाइनल में

» न्यूज़ीलैंड को 70 रन से हराया,

» विराट और अय्यर के शतक;शमी को 7 विकेट

**मुंबई ,15 नवम्बर 2023।** भारत ने मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेले गए सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड को 70 रन से हराकर वर्ल्ड कप के फाइनल में जगह बना ली है। भारतीय टीम चौथी बार फाइनल में पहुंची है। इससे पहले टीम 1983, 2003 और 2011 में इस टूर्नामेंट फाइनल में पहुंची थी।

भारत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में 4 विकेट 397 रन बनाए। विराट कोहली ने करियर की 50वीं वनडे सेंचुरी जमाते हुए 117 रन की पारी खेली। श्रेयस अय्यर ने 105 रन बनाए। जवाब में न्यूजीलैंड की टीम 48.5 ओवर में 327 रन पर ऑलआउट हो गई। डेरिल मिचेल ने 134 रन बनाए। मोहम्मद शमी ने 7 विकेट लिए। वे शानदार गेंदबाजी के लिए मैन ऑफ द मैच रहे।



### कीवी पारी के रोचक फैक्ट और रिकॉर्ड

मोहम्मद शमी न्यूजीलैंड के खिलाफ 4 विकेट ले चुके हैं, इसी के साथ उन्होंने वर्ल्ड कप में 8वीं बार पारी में 4 या उससे ज्यादा विकेट लिए। इस रिकॉर्ड में शमी ही टॉप पर हैं, दूसरे नंबर पर ऑस्ट्रेलिया के मिचेल स्टार्क हैं, जिनके नाम वर्ल्ड कप में 6 बार 4+ विकेट लेने का रिकॉर्ड है।

मोहम्मद शमी ने न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरा विकेट लेने के साथ ही वर्ल्ड कप में अपने 50 विकेट भी पूरे कर लिए। इसके लिए उन्होंने महज 17 पारियां लीं, जो टूर्नामेंट इतिहास में सबसे तेज है। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के मिचेल स्टार्क का रिकॉर्ड तोड़ा, जिन्होंने 19 पारियों में 50 विकेट लिए थे।

डेरिल मिचेल एक वर्ल्ड कप में न्यूजीलैंड की ओर से सबसे ज्यादा छक्के जमाने वाले बैटर बने। उन्होंने मौजूदा सीजन में 18वां छक्का जमाया। मिचेल ने ब्रैंडन मैकुलम के 2015 के सीजन में 17 छक्कों का रिकॉर्ड तोड़ा।

डेरिल मिचेल में इस वर्ल्ड कप का सबसे लंबा 107 मीटर का छक्का जमाया। उन्होंने श्रेयस अय्यर के 106 मीटर के छक्के को पीछे छोड़ा।

### पावरप्ले में न्यूजीलैंड 46/2, शमी ने ओपनर्स को पवेलियन भेजा

398 रन का टारगेट चेज कर रहे न्यूजीलैंड की शुरुआत खास नहीं रही। टीम ने पावरप्ले में 46 रन बनाने में ओपनर्स के विकेट गंवा दिए। रचिन रवींद्र और डेवोन कॉन्वे ने 13-13 रन बनाकर आउट हुए।

पावरप्ले के शुरुआती ओवर में कीवी ओपनर्स ने संभलकर शॉट खेले। 5 ओवर में टीम का स्कोर बिना नुकसान के 30 रन था। यहां मोहम्मद शमी ने अपनी पहली बॉल पर सफलता हासिल की और कॉन्वे को चलता किया। इतना ही नहीं, शमी ने 8वें ओवर की चौथी बॉल पर रचिन रविंद्र को विकेटकीपर केएल राहुल के हाथों कैच कराया।

### भारत ने दिया 398 रन का टारगेट, कोहली-अय्यर के शतक

टीम इंडिया ने वानखेड़े मैदान पर टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में 4 विकेट पर 397 रन बनाए। यह वर्ल्ड कप के नॉकआउट मुकाबले में किसी भी टीम का सबसे बड़ा स्कोर है। इससे पहले, यह रिकॉर्ड 393 रन का था। जो न्यूजीलैंड ने 2015 वर्ल्ड कप के क्वार्टर फाइनल में वेस्टइंडीज के खिलाफ वेलिंग्टन में बनाया था।

विराट कोहली ने 113 बॉल 117 रन की पारी खेली। उन्होंने वनडे करियर का 50वां शतक जमाया। वे वनडे में सबसे ज्यादा शतक जमाने वाले बल्लेबाज बन गए। विराट ने सचिन तेंदुलकर के 49 शतकों का रिकॉर्ड तोड़ा। दूसरी ओर श्रेयस अय्यर ने 70 बॉल पर 105 रन बनाए। अय्यर ने वर्ल्ड कप में लगातार दूसरी सेंचुरी जमाई। शुभमन गिल ने 66 बॉल पर 80 और कप्तान रोहित शर्मा ने 29 बॉल पर 47 रन की पारी खेली। न्यूजीलैंड की ओर से टिम साउदी ने 2 विकेट लिए।

# रोहित शर्मा के नाम दर्ज वर्ल्ड रिकॉर्ड




### वर्ल्ड कप में सबसे ज्यादा छक्के जड़ने के मामले में क्रिस गेल को पछाड़ा

**मुंबई,15 नवम्बर 2023।** रोहित शर्मा ने वर्ल्ड कप के इतिहास में एक बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम किया है। वो वर्ल्ड कप में सबसे ज्यादा छक्के जड़ने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। इस मामले में उन्होंने क्रिस गेल को पीछे छोड़ दिया है।

रोहित शर्मा ने मेंस क्रिकेट वर्ल्ड कप के इतिहास में सबसे ज्यादा छक्के जड़ने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। इतना ही नहीं, हिटमैन एकमात्र बल्लेबाज हैं, जिन्होंने वनडे वर्ल्ड कप के इतिहास में छक्कों का अर्धशतक पूरा किया है। इंटरनेशनल क्रिकेट में रोहित शर्मा पहले ही सिक्सर किंग बन चुके हैं और वर्ल्ड रिकॉर्ड अपने नाम कर चुके हैं। रोहित शर्मा ने क्रिस गेल के रिकॉर्ड को तोड़कर नया वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया है। क्योंकि रोहित शर्मा एकमात्र बल्लेबाज हैं जिन्होंने वर्ल्ड कप के तीन एडिशन में 50 या इससे ज्यादा छक्के जड़े हैं। क्रिस गेल ने वर्ल्ड कप की 34 पारियों में 49 छक्के जड़े थे। लेकिन रोहित शर्मा ने 27वीं पारी में ही ये कमाल कर दिखाया है। इस लिस्ट में तीसरा नाम ऑस्ट्रेलिया के ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल का है। मैक्सवेल ने अबतक 23 पारियों में 43 छक्के जड़े हैं।

# 31 साल का यह 'महात्मा गांधी' ब्राजीलियाई फुटबॉल क्लब का हिस्सा

**ब्राजील,15 नवम्बर 2023।** क्या आप जानते हैं? 'महात्मा गांधी' जीवित हैं और वह ब्राजील में फुटबॉल खेल रहे हैं। आप आश्चर्यचकित हो सकते हैं, लेकिन यह एक कैच के साथ सच है। भारतीय स्वतंत्रता सेनानी मोहनदास करमचंद गांधी (जिन्हें प्यार से महात्मा गांधी कहा जाता है) के साथ अपना नाम साझा करने वाला एक 31 वर्षीय व्यक्ति ब्राजीलियाई फुटबॉल क्लब का हिस्सा है और उसका पूरा नाम महात्मा गांधी हेबरपियो मैटोस पाइर्स है।

फुटबॉलर महात्मा गांधी कौन हैं?

ब्राज़ील का समर्थन करने वाले फुटबॉल प्रशंसक पहले से ही जानते होंगे कि भारतीय स्वतंत्रता सेनानी गांधी जी के नाम पर रखा गया एक खिलाड़ी कथित तौर पर ब्राज़ीलियाई फुटबॉल क्लब ट्रिनडे का प्रतिनिधित्व करता है।



अनजान लोगों के लिए, यह खिलाड़ी टीम में एक मिडफील्डर है जिसने 2011 में एटलेटिको क्लब गोइआनिएन्से (राजधानी गोइआनिया की एक ब्राजीलियाई फुटबॉल टीम) के लिए अपना खेल शुरू किया था। उनका जन्म 18 फरवरी 1992 को हुआ था.इस फुटबॉलर गांधी ने लगभग एक दशक पहले अपनी शुरुआत की थी जब वह ब्राजील की शीर्ष स्तरीय क्लब प्रतियोगिता सीरी ए में मैच के मैदान पर उतरे थे। उन्होंने ट्रिनडेड, गोइआनिया और इपोरा सहित ब्राजील के कई फुटबॉल क्लबों के लिए खेला है। उनका नाम निस्संदेह दुनिया भर में, विशेषकर भारत में, प्रसिद्धि आकर्षित करता है।1 जैसे ही नेटिज़न्स को एहसास हुआ कि एक पेशेवर फुटबॉलर ने अपना नाम महात्मा गांधी जैसे महान व्यक्तित्व के साथ साझा किया है, उन्होंने इस उदाहरण को सोशल मीडिया पर साझा किया। फुटबॉलर का नाम एक्स पर ट्रेंड करने लगा और कई उपयोगकर्ताओं ने खिलाड़ी को स्वीकार किया। उन्होंने दूसरों को उनके बारे में बताने के लिए एमजी हेबरपियो मैटोस पाइर्स की तस्वीरें साझा कीं। कुछ लोगों ने उन्हें ÷बापू की वापसी÷ कहा।

## वर्ल्ड कप 2023 के बीच डेविड वॉर्नर का बयान

# सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट नहीं करेंगे स्वीकार

**सिडनी,15 नवम्बर 2023।** ऑस्ट्रेलियाई टीम के स्टार बल्लेबाज डेविड वॉर्नर ने सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट को लेकर कहा है कि वो इसे अगले साल स्वीकार नहीं करेंगे। हालांकि, वह अपनी टीम के लिए लिमिटेड ओवर खेलते रहेंगे। वॉर्नर पहले ही साफ कर चुके हैं कि, अगले साल जनवरी में पाकिस्तान के खिलाफ होम सीरीज उनकी आखिरी टेस्ट सीरीज होगी। 37 साल के वॉर्नर ने कहा कि वह अमेरिका और वेस्टइंडीज में अगले साल होने वाले टी20 वर्ल्ड कप और पाकिस्तान में 2025 चैंपियंस ट्रॉफी तक सफेद गेंद का क्रिकेट खेलते रहना चाहते हैं।

उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के पूर्व खिलाड़ी ब्रैड हॉग, वेस्टइंडीज के क्रिस गेल और पाकिस्तान के शोएब मलिक का उदाहरण दिया जिन्होंने 40 पार के बाद भी खेला है। साथ ही उन्होंने कहा कि, हर कोई रियलस्टिक टारगेट बनाना चाहता है। मेरा टारगेट टी20 वर्ल्ड कप खेलना है उसके बाद तय करूंगा कि आगे सफेद गेंद का क्रिकेट खेल संकूगा या नहीं। मैं अभी भी फिट हूं और सहज होकर खेल पा रहा हूं।



वॉर्नर ने कहा, मैं सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट नहीं लूंगा। ऑस्ट्रेलिया में पांच टी20 या वनडे या तीन टेस्ट खेलने पर अनुबंध अपग्रेड हो जाता है। और आप उससे बंध जाते हैं। अपने करियर के इस मुकाम पर जब मेरी कमर में भी हलका सा दर्द रहता है, मैं कोई करार नहीं करना चाहता। इससे दीर्घकाल में प्रायोजन संबंधी कई बाध्यताएं हो जाती है।

## घरेलू सितारे सिनेर ने शीर्ष रैंकिंग वाले जोकोविच को हराया



**इटली,15 नवम्बर 2023।** इटली के यानिक सिनेर ने एटीपी फाइनल्स में शीर्ष रैंकिंग वाले नोवाक जोकोविच को पहली बार हराकर अपने घरेलू दर्शकों को उत्साह से भर दिया। सिनेर ने तीन घंटे तक चले मैच में 7 . 5, 6 . 7, 7 . 6 से जीत दर्ज की। बाईस वर्ष के सिनेर की जोकोविच पर चार मैचों में यह पहली जीत है। इसके साथ ही जोकोविच का 19 मैच का विजय अभियान भी खत्म हो गया। सिनेर ने रविवार को पहले मैच में स्टेफानोस सिटसिपास को हराया था। अब उनका सामना होल्गर रूने से होगा जिन्हें पहले मैच में जोकोविच ने मात दी थी।

# आईपीएल नीलामी के लिए ट्रैविस ने किया ये फैसला

**मेलबर्न,15 नवम्बर 2023।** ऑस्ट्रेलिया के विश्व कप सलामी बल्लेबाज ट्रैविस हेड ने खुलासा किया है कि वह दिसंबर में होने वाली इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) नीलामी में अपना नाम आगे बढ़ाने के लिए तैयार हैं। 29 वर्षीय खिलाड़ी ने अपने करियर में 42 टेस्ट और 62 एकदिवसीय मैच खेले हैं लेकिन केवल 20 टी20टी खेले हैं। अगस्त में उन्होंने तीन टी20 मैचों में 460 रन बनाए, जिसमें 91 उनका सर्वोच्च स्कोर था. सीरीज साउथ अफ्रीका के खिलाफ थी. सितम्बर। श्री हेड ने संवाददाताओं से कहा पिछले साल शादियों के लिए मेरा समय थोड़ा सीमित था। इस साल मैं एक शादी में शामिल होने की योजना बना रहा हूं और मुझे उम्मीद है कि मुझे चुना जाएगा और मौका दिया जाएगा। मुझे खुशी है कि ऐसा हुआ।




# ऐश्वर्या रजनीकांत निर्देशित लाल सलाम का टीजर रिलीज

दिवाली के शुभ अवसर पर, लाइका प्रोडक्शंस के तहत ऐश्वर्या रजनीकांत के निर्देशन में बनी फिल्म लाल सलाम की टीम ने एक गहन और मनमोहक टीज़र का अनावरण किया। यह भारतीय तमिल भाषा का खेल नाटक, ऐश्वर्या रजनीकांत द्वारा लिखित और निर्देशित और सुबास्करन अल्लिराजाह के बैनर लाइका प्रोडक्शंस द्वारा निर्मित है, जिसमें विष्णु विशाल और विक्रांत मुख्य भूमिकाओं में हैं, जिसमें खुद रजनीकांत द्वारा एक उल्लेखनीय विस्तारित कैमियो है।





सुपरस्टार रजनीकांत ने अपने प्रशंसकों और फिल्म प्रेमियों को रोमांचित करते हुए फिल्म के टीज़र का अनावरण करने से पहले दिवाली की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। टीज़र मुंबई में होने वाली घटनाओं को स्पष्ट रूप से चित्रित करता है, जो क्रिकेट-केंद्रित सेटिंग में हिंदुओं और मुसलमानों के बीच झड़पों के नतीजों पर प्रकाश डालता है। यह दो उत्साही क्रिकेट प्रेमियों की कहानी बताती है - एक हिंदू, दूसरा मुस्लिम - जो अपनी धार्मिक असमानताओं से प्रेरित होकर क्रिकेट के मैदान पर दुश्मनी और ईर्ष्या को बढ़ावा देते हैं।

कहानी का सार रजनीकांत द्वारा चित्रित मोइनुद्दीन भाई और बढ़ते तनाव को हल करने की उनकी खोज के इर्द-गिर्द घूमती है। टीज़र में परस्पर विरोधी समुदायों के बीच संवाद और सुलह प्रयासों में शामिल होकर क्षेत्र में शांति बहाल करने के लिए मोइनुद्दीन भाई के संघर्ष को दिखाया गया है।

निर्माता दर्शकों को मोइनुद्दीन भाई के प्रयासों को देखने के लिए लाल सलाम के बारे में गहराई से जानने के लिए प्रोत्साहित करते हैं, जिसका उद्देश्य दोनों समुदायों में निहित स्वार्थों और राजनीतिक उद्देश्यों से प्रेरित धार्मिक शत्रुता के साथ युवा दिमागों में जहर भरने से रोकना है। यह फिल्म पोंगल 2024 के लिए स्क्रीन पर रिलीज होने के लिए तैयार है, जिसमें विष्णु विशाल और विक्रांत युवा क्रिकेटरों की भूमिका निभाएंगे। आकर्षण को बढ़ाते हुए, फिल्म में महान क्रिकेटर और विश्व कप विजेता कप्तान कपिल देव का एक कैमियो है। लाल सलाम तमिल, तेलुगु, हिंदी, कन्नड़ और मलयालम में एक भव्य बहुभाषी रिलीज के लिए तैयार है।

# मैं बॉलीवुड में काम करना चाहती हूं, उतरन फेम रश्मि देसाई ने किया खुलासा



रश्मि देसाई टीवी इंडस्ट्री की फेमस एक्ट्रेसस में से एक है, एक्ट्रेस काफी समय से किसी प्रोजेक्ट में नजर नहीं आई हैं. जिससे फैंस उनकी प्रसेंस का लंबे समय से इंतजार कर रहे हैं. अभी एक्ट्रेस ने खुलासा किया है कि वह बॉलीवुड में जाने का रास्ता खोजने की कोशिश कर रही हैं, साथ ही उन्होंने कहा कि वह अपनी प्रोजेक्ट को लेकर बहुत सलेक्टिव हैं. रश्मि देसाई ने आगे कहा, मैंने कुछ प्रोजेक्ट्स के लिए शूटिंग की है, जो इस साल रिलीज़ होंगी. यह सच है कि मैं बहुत कुछ नहीं कर रही हूं और प्रोजेक्ट्स के मामले में सलेक्टिव हूं, इसके पीछे की सोच के बारे में बताते हुए, 37 साल की एक्ट्रेस ने कहा, एक एक्ट्रेस के रूप में, मैं और अधिक जानना चाहती हूं और मुझे लगता है कि यह दर्शकों के साथ मेरे रिश्ते के प्रति मेरी प्रतिबद्धता है, और इसके लिए मुझे धैर्य रखने की आवश्यकता है. चीजें रातों-रात मेरी दिशा में नहीं चलेंगी. सब कुछ अपनी गति से होता है और यही इसकी खूबसूरती है. जब से मैंने अपना एक्टिंग करियर शुरू किया है, केवल एक चीज जो मैंने सीखी है वह यह है कि कुछ अच्छा चाहिए तो उसमें वक्त लगता है.

एक्ट्रेस ने आगे कहा, मेरे पास कई प्रोजेक्ट्स आते हैं, लेकिन मैं उन सभी को नहीं गा सकती, मैं यह ध्यान में रखना चाहती हूं कि दर्शकों को क्या पसंद आएगा, .रश्मि देसाई के काम की अगर बात करें तो उन्होंने टीवी शो उतरन से पॉपुलैरिटी हासिल की थी.रश्मि देसाई अपनी भावनाओं को व्यक्त करने के लिए आलिया भट्ट और रणवीर सिंह की स्टारडम की जर्नी का उदाहरण लेती हैं और कहती हैं, उन्हें रातोरात कुछ नहीं मिला. उन्हें इसके लिए काम करना था और धैर्य रखना था. यही एक अभिनेता का जीवन है.मैं बॉलीवुड करना चाहती हूं. मैं सालों से इसके बारे में सपना देख रही हूं और सोच रही हूं. मैं स्वीकार करता हूं कि मैंने पहले खुद को और अपनी क्षमता को किसी तरह से सीमित कर लिया था, जिसे मैं तोड़ना और तलाशना चाहता हूं, रश्मि देसाई ने आगे कहा,जब मैं एक किरदार निभाती हूं तो मुझे डर लगता है, जब मैं टीवी करती था तो तीन-चार साल का गैप लेती था. मैंने कभी नहीं सोचा या इस बात से डर गया कि मेरे दिखाई न देने से क्या होगा.

## टाइगर 3 दूसरे दिन बनी सबसे ज्यादा कमाऊ हिंदी फिल्म

सलमान खान की फिल्म टाइगर 3 को भले ही समीक्षकों से कुछ खास प्रतिक्रिया नहीं मिली, लेकिन बॉक्स ऑफिस पर यह बढ़िया प्रदर्शन कर रही है।जहां पहले दिन इसने जबरदस्त कमाई के साथ अपना खाता खोला, वहीं दूसरे दिन उससे भी ज्यादा धुआंदार कमाई की और फिल्म ने जवान तक को धूल चटा दी। जवान को पीछे छोड़ते हुऐ टाइगर 3 अब तक की दूसरे दिन सबसे ज्यादा कमाई करने वाली हिंदी फिल्म बन गई है।रिपोर्ट के मुताबिक, टाइगर 3 ने जहां पहले दिन बॉक्स ऑफिस पर 44.5 करोड़ रुपये कमाए थे, वहीं दूसरे दिन इसने 57.5 करोड़ रुपये कूटे। इसी के साथ यह दूसरे दिन सबसे ज्यादा कमाई करने वाली हिंदी फिल्म बन चुकी है।शाहरुख खान की जवान ने दूसरे दिन 53.23 करोड़ रुपये कमाए थे, वहीं भारत में टाइगर 3 की कमाई 2 दिन में लगभग 102 करोड़ रुपये हो गई है और दुनियाभर में इसने 150 करोड़ रुपये कमा लिए हैं।देश में नहीं, बल्कि विदेशों में भी टाइगर 3 का डंका बज रहा है।यशराज फिल्म्स ने बीते दिन सोशल मीडिया पर एक पोस्ट साझा करते हुए टाइगर 3 के वर्ल्डवाइड कलेक्शन की जानकारी दी, जिसमें लिखा गया, दिवाली के दिन रचा गया इतिहास। दुनियाभर से प्यार मिल रहा है।टाइगर 3 ने दुनियाभर में 94 करोड़ रुपये का कारोबार किया और यह पहली हिंदी फिल्म बन गई, जिसने दिवाली के दिन सबसे ज्यादा कमाई की है।




टाइगर 3 से पहले अब तक 2019 में आई भारत सलमान की पहले दिन सबसे ज्यादा कलेक्शन करने वाली फिल्म थी। भारत की पहले दिन की कमाई 42.30 करोड़ रुपये थी। खास बात यह है कि भारत में भी उनके साथ कैटरीना कैफ ही थीं।टाइगर 3 में शाहरुख और ऋतिक रोशन ने कैमियो किया है। इसमें इमरान हाशमी के किरदार को भी जमकर वाहवाही मिल रही है। वह फिल्म में विलेन बने हैं।टाइगर 3 यशराज फिल्म्स के स्पाई यूनिवर्स की पांचवीं फिल्म है।

## केट शर्मा ने दी सिजलिंग पोज,सेक्सी फिगर देख फैंस का मचला दिल



भोजपुरी और टीवी एक्ट्रेस केट शर्मा हमेशा अपने स्टाइलिश और ग्लैमरस तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर कर फैंस के बीच लाइमलाइट लूट लेती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट बोल्ड फोटोज फैंस के बीच शेयर कर लोगों को अपने हुस्न का कायल कर दिया है। इन तस्वीरों में उनकी सेक्सी अदाएं लोगों को दीवाना बना रही हैं। एक्ट्रेस केट शर्मा ने अपने लुक्स से लाखों फैंस को दीवाना बनाया हुआ है। इन तस्वीरों में उनका लेटेस्ट लुक देखकर आप भी इस बात का अंदाजा लगा सकते हैं। हाल ही में एक्ट्रेस केट शर्मा ने अपनी ग्लैमरस फोटोशूट की कुछ तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों में उनकी रिवीलिंग साड़ी लुक देखकर फैंस एक बार फिर से आहें भरने लगे हैं। केट शर्मा सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। वो आए दिन अपनी हॉट लुक्स की तस्वीरें इंस्टा पर पोस्ट करती रहती हैं। एक्ट्रेस केट शर्मा जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उन पर लाइक्स और कॉमेंट्स करते नहीं थकते हैं। केट शर्मा के इंस्टाग्राम अकाउंट पर देखकर आप उनकी हॉटनेस का अंदाजा लगा सकते हैं।

CMYK

# चुनावी मुद्दे को लेकर गरमाई सियासत

### सीएम भूपेश के सवाल पर हिमंत बिस्वा ने साधा निशाना



**रायपुर,15 नवम्बर 2023(ए)।** छत्तीसगढ़ में चुनावी प्रचार का आज आखिरी दिन है. इस बीच भाजपा के स्टार प्रचारक और असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा अलग-अलग जगहों में चुनावी सभा कर रहे हैं. वहीं सीएम हिमंत बिस्वा ने रायपुर में मीडिया से चर्चा कर सीएम बघेल के ट्वीट पर सवाल उठाए और निशाना साधा है।
सीएम भूपेश बघेल के ट्वीट कर किये गए सवाल 'केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर के बेटे की मामले की जांच कौन करेगा' पर सीएम हिमंत बिस्वा सरमा ने बयान दिया है। उन्होंने कहा कि दूसरे के ऊपर उंगली उठाने से उनका जो पाप है।
वो गंगा मां साफ नहीं कर देती है। पहली बात जब नरेंद्र तोमर के बेटे के ऊपर आरोप हुआ। उन्होंने खुद बोला कि ईडी और सीबीआई जांच करें। लेकिन भूपेश बघेल तो ईडी को सीबीआई को किसी को जांच करने नहीं देता हैं. बल्कि दूसरे पर सवाल उठाते रहते हैं।
सीएम हिमंत बिस्वा सरमा ने आगे कहा कि छत्तीसगढ़ का चुनाव है आज आप 508 करोड़ का हिसाब दे दीजिए. दुनिया में और कौन-कौन भ्रष्टाचारी है. उसका लिस्ट क्यों गिनाते हैं. भूपेश बघेल के पास जाओ तो कौन-कौन भ्रष्टाचारी है. उसकी लिस्ट बना देते हैं. 508 करोड़ रुपये आपने खाया फिर महादेव का भी नाम इस्तेमाल किया. माल भी कमा रहे हैं और हिंदू को भी बदनाम कर रहे हैं. मैं आपसे कोई सवाल पूछूं तो आप मेरे ऊपर सवाल खड़े करते हैं. भूपेश बघेल किसी विश्वविद्यालय के वाइस चांसलर है क्या. जो लिस्ट गिनाते हैं.
साथ ही हिमंत बिस्वा ने कहा कि दारू का धंधा करो एक लाइसेंस का एक बिना लाइसेंस का, इस तरह का स्कैम कहीं नहीं हुआ है. भूपेश बघेल खुद जानते हैं कि वह जेल में जा रहे हैं, उसमें और 10 लोगों को लेकर जाना चाहते हैं. अब बाकी लोगों का हिसाब छोड़ दीजिए. बाकी नौ लोगों का हिसाब उनकी जगह में होगा, ईडी तो आया भी नहीं है।
चुनाव के वक्त तो ईडी आएगा ही. भूपेश बघेल के घर में ईडी कहां आया है. ईडी का बड़प्पन है कि भूपेश बघेल को चुनाव लड़ने का समय दे दिया. टीएस सिंहदेव अभीसबसे ज्यादा खुश है, ईडी ने अभी तक भूपेश बघेल को नोटिस भी नहीं दिया है।
भूपेश बघेल को तो उनका धन्यवाद करना चाहिए। ईडी में तो चुनाव लड़ने का अभी उन्हें समय दिया है। भूपेश बघेल को तो ईडी के खिलाफ बोलना भी नहीं चाहिए। पहले धक्का जनता से ले लो फिर बाद में ईडी से ले लेना।

## जब रावण का अहंकार नहीं रहा तो मोदी का अहंकार कहां टिकेगाःसीएम भूपेश

**रायपुर,15 नवम्बर 2023(ए)।** चुनाव दूसरे दौर के प्रचार के अंतिम दिन छत्तीसगढ़ में सियासत गरमा गई है। प्रधानमंत्री मोदी के अपने पर की गई टिप्पणी पर मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि वे प्रधानमंत्री हैं, वह कुछ भी बोल सकते हैं. हम बहुत छोटे-मोटे व्यक्ति हैं। उनके सामने हमारी हैसियत क्या है। मोदी को इतना अहंकार हो गया है कि अपने सामने किसी को कुछ समझते नहीं हैं। रावण का अहंकार नहीं रहा तो मोदी का अहंकार कहां से टिकेगा।मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने मीडिया से चर्चा में पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के जीत के दावे पर कहा कि वे खुद हार रहे हैं।



लेकिन जिन शब्दों का प्रयोग कर रहे हैं, उससे उनका अहंकार झलक रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के राहुल गांधी को 'मूर्खों का सरदार' कहने पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने पलटवार किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री ने जनता को गाली दी है, हमारे नेता को गाली दी है।
वह जीत का दावा क्या करेंगे. इसके अलावा द्वितीय चरण के मतदान पर मुख्यमंत्री ने कहा कि दूसरे चरण का प्रचार भी आज शाम 5 के बाद थम जाएगा।
उसके बाद डोर टू डोर, और फिर परसों मतदान होगा। उन्होंने कहा कि प्रथम चरण में बस्तर संभाग हो गया।
राजनांदगांव लोकसभा हो गया। उसके बाद अब रायपुर संभाग, दुर्ग संभाग, बिलासपुर संभाग, सरगुजा संभाग की बारी है. मैंने सभी जगह का दौरा किया। जबरदस्त माहौल है, एक तरफा माहौल है।
यह बता रहा हैं कि अब उनकी लोकप्रियता ढलान पर है, इस कारण से लगातार सभी विधानसभा में पिछड़ते जा रहे हैं। इसकी बौखलाहट है, जिसके कारण ही वे इस तरह के शब्दों का प्रयोग कर रहे हैं।



## महतारी वंदन पर मचा बवाल

### भाजपा और कांग्रेस कार्यकर्ताओं में झूमाझटकी

**दुर्ग,15 नवम्बर 2023(ए)।** भाजपा के महतारी वंदन योजना के फॉर्म भराए जाने पर जमकर घमासान हुआ। विवाद इतना बढ़ गया की बीच बचाव के लिए बड़ी संख्या में पुलिस बल को आना पड़ा. बता दें ये भाजपा स्टार प्रचारक जहां एक ओर खुर्शीपार में प्रचार करने आए थे। वहीं दूसरी ओर विवाद हुआ।
छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण को लेकर सरगर्मी तेज है। चुनाव प्रचार के बीच प्रदेश के कई जगहों से भाजपा और कांग्रेस कार्यकर्ताओं में झूमाझटकी का मामला सामने आया है। वहीं दुर्ग जिले के भिलाई के खुर्शीपार में भी भाजपा और कांग्रेस में विवाद हुआ है।
भिलाई के खुर्शीपार क्षेत्र में भाजपा के महिला मोर्चा द्वारा महतारी वंदन योजना फॉर्म की जानकारी लोगों को दी जा रही थी. जिसे लेकर जोन 4 खुर्शीपार के पार्षद भूपेंद्र यादव ने महिला मोर्चा के जिला अध्यक्ष स्वीटी कौशिक का विरोध करना शुरू कर दिया।
इस विरोध के दौरान कांग्रेस और भाजपा के कार्यकर्ताओं में जमकर झूमाझटकी भी हुई. जिसके कारण पुलिस बल भी बुलानी पड़ी. मंगलवार की रात लगभग 9 बजे हुई इस घटना को लेकर अब दोनों ही दलों ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है।

## भूपेश कका के राज में बेमेतरा लव जिहाद का केंद्र बन गया:अमित शाह



**बेमेतरा,15 नवम्बर 2023(ए)।** साजा छत्तीसगढ़ में अमित शाह ने आज जनसभा किया। भाजपा सरकार भुवनेश्वर साहू की हत्या करने वाले हर व्यक्ति को चुन-चुनकर जेल में डालेगी। भूपेश कका के राज में बेमेतरा लव जिहाद का एक केंद्र बन गया था। साहू समाज, लोधी समाज और गोंड समाज की बेटियां इनके निशाने पर हैं, लेकिन भूपेश सरकार कुम्भकर्ण की नींद सो रहे हैं। उनको केवल आप और आपका वोट ही जगा सकता है।
इस दौरान उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में पहले चरण का चुनाव समाप्त हो गया है। पहले चरण में भूपेश कक्का का सूपड़ा साफ हो गया है। पहले चरण के मतदान ने ये तय कर दिया है कि छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनने वाली है।
मुझे आज ही एक पत्रकार ने बताया कि सट्टेबाज भी अब कह रहे हैं कि सट्टेबाजी करने वाली ये सरकार छत्तीसगढ़ से जा रही है। हमारे भाई ईश्वर साहू केवल एक प्रत्याशी नहीं हैं, बल्कि ये प्रतीक हैं न्याय की लड़ाई का। भूपेश कक्का की सरकार के कार्यकाल में ही साम्प्रदायिक तत्वों में भाई ईश्वर साहू के बेटे भुवनेश्वर को मार डाला था। भूपेश बघेल की सरकार ने इन्हें रुपये और नौकरी देने की कोशिश की। लेकिन इन्होंने इतनी गरीबी में भी वो सब ठुकराते हुए कहा कि मुझे केवल न्याय चाहिए।



## बृजमोहन के पोस्टर लगा रहे समर्थकों से मारपीट

**रायपुर,15 नवम्बर 2023(ए)।** रायपुर दक्षिण विधानसभा सीट के पुरानी बस्ती गौरा गौरी चौक पर झंडा पोस्टर लगाने के दौरान भाजपा उम्मीदवार बृजमोहन अग्रवाल के कार्यकर्ताओं के साथ मारपीट करने वाले आरोपियों के खिलाफ पुरानी बस्ती थाना में एफआईआरदर्ज किया गया है।घटना तब हुई जब रायपुर दक्षिण विधानसभा सीट के भाजपा उम्मीदवार बृजमोहन अग्रवाल के कार्यकर्ता पुरानी बस्ती गौरा गौरी चौक पर झंडा पोस्टर लगा रहे थे।आरोपियों के हाथों में कैंचीनुमा धारदार हथियार थे,जिनसे वे मार डालने की धमकी दे रहे थे। जिसके बाद भड़के कार्यकर्ताओं ने किया पुरानी बस्ती थाने का घेराव किया। जो आधी रात बाद तक चलता रहा। पुलिस के एफआईआर दर्ज करने के बाद घेराव खत्म किया। बीजेपी कार्यकर्ताओं की शिकायत पर आरोपी वसीम खान और अन्नू समेत अन्य के खिलाफ मारपीट,गली गलौज और जान से मारने की धाराओं (294,323,506) के तहत दर्ज की एफआईआर। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है।

## मतदान से 2 दिन पहले पिकअप में कंबलों का जखीरा बरामद

### मेडिकल कालेज रोड में पकड़ाया

**रायगढ़,15 नवम्बर 2023(ए)।** छत्तीसगढ़ में दूसरे चरण का चुनाव प्रचार आज शाम थम जाएगा। अंतिम दौर पर है, प्रत्याशियों द्वारा जनता को रिझाने और पक्ष में वोट करवाने को लिए कई वस्तुएं भी बांटी जाती है, साइबर सेल और पुलिस की सयुक्त कार्यवाही ने एक पिकअप से 172 नग कंबल बरामद किया है। मिली जानकारी के अनुसार, रायगढ़ विधानसभा सीट के चक्रधर नगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत मेडिकल कालेज रोड में पुलिस ने जांच के दौरान कंबलों से एक पिकअप वाहन को जब्त किया है। पिकअप में 11 बंडल कंबल पाए गए हैं जिसकी अनुमानित कीमत 1 लाख 50 हजार बताई जा रही है।



पुलिस ने जब वाहन चालक से पूछताछ से की तो वह संतोष जनक जवाब नहीं दे पाया और ना ही कोई साक्ष्य प्रस्तुत कर पाया जिसके बाद पुलिस ने वाहन चालक को हिरासत में ले लिया है। पुलिस को आशंका है कि, इन कंबलों का उपयोग चुनाव में वोटरों को लुभाने के लिए किया जाना रहा होगा। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## दूसरे चरण के मतदान के लिए थम गया चुनाव प्रचार का शोर

» 17 नवंबर को 70 सीटों पर होगी वोटिंग,
» चुनावी मैदान पर 958 प्रत्याशी




**रायपुर,15 नवम्बर 2023(ए)।.** छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के पहले चरण का मतदान 7 नवंबर को संपन्न होने के बाद अब दूसरे चरण का चुनाव प्रचार का भी शोर आज शाम से थम गया है. द्वितीय चरण में 70 विधानसभा क्षेत्रों में होने वाले मतदान के लिए 17 नवंबर को वोटिंग होगी.
मतदान की समाप्ति समय के 48 घंटे पूर्व बुधवार को शाम 5 बजे से सार्वजनिक मंचों से प्रचार-प्रसार प्रतिबंधित कर दिया गया है, लेकिन इस दौरान प्रत्याशी घर-घर जाकर जनसंपर्क कर सकेंगे. द्वितीय चरण के 70 विधानसभा क्षेत्रों में कुल 958 उम्मीदवार अपना भाग्य आजमा रहे हैं, जिनमें 827 पुरूष, 130 महिला और एक तृतीय लिंग हैं.
द्वितीय चरण के मतदान के दौरान प्रदेश के एक करोड़ 63 लाख 14 हजार 479 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे. इनमें 81 लाख 41 हजार 624 पुरुष मतदाता, 81 लाख 72 हजार 171 महिला मतदाता तथा 684 तृतीय लिंग मतदाता शामिल हैं. सुगम मतदान सुनिश्चित करने के लिए कुल 18 हजार 833 मतदान केंद्र बनाए गए हैं. इनमें से 700 संगवारी मतदान केंद्र हैं जहां सिर्फ महिला मतदान कर्मी ही पदस्थ रहेंगी.

### दूसरे चरण में 70 सीटों पर डाले जाएंगे वोट

छत्तीसगढ़ में विधानसभा आम निर्वाचन के लिए दूसरे चरण में 17 नवम्बर को 70 विधानसभा क्षेत्रों में वोट डाले जाएंगे. इसके लिए सवेरे आठ बजे से शाम पांच बजे तक का समय निर्धारित किया गया है. केवल बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के नौ मतदान केंद्रों कामरभौदी, आमामोरा, ओढ, बड़े गोबरा, गंवरगांव, गरीबा, नागेश, सहबीनकछार और कोदोमाली में सवेरे सात बजे से दोपहर तीन बजे तक मतदान होगा. इनके अलावा बिन्द्रानवागढ़ के शेष मतदान केंद्रों में अन्य 69 विधानसभा क्षेत्रों की तरह सवेरे आठ बजे से शाम पांच बजे तक वोट डाले जाएंगे.

### इन सीटों पर 17 को होगी वोटिंग

विधानसभा आम निर्वाचन के लिए दूसरे चरण में भरतपुर-सोनहत, मनेन्द्रगढ़,बैकुंठपुर,प्रेमनगर,भटगांव, प्रतापपुर,रामानुजगंज,सामरी,लुण्ड्रा, अम्बिकापुर,सीतापुर,जशपुर, कुनकुरी,पत्थलगांव, लैलूंगा,रायगढ़, सारंगढ़,खरसिया,धर्मजयगढ़, रामपुर,कोरबा,कटघोरा,पाली-तानाखार,मरवाही,कोटा,लोरमी, मुंगेली,तखतपुर,बिल्हा,बिलासपुर, बेलतरा,मस्तूरी,अकलतरा,जांजगीर-चांपा,सक्ती,चंद्रपुर,जैजैपुर,पामगढ़, सराईपाली,बसना,खल्लारी,महासमुंद ,बिलाईगढ़,कसडोल,बलौदाबाजार , भाटापारा,धरसींवा,रायपुरग्रामीण, रायपुर नगर पश्चिम,रायपुर नगर उत्तर, रायपुर नगर दक्षिण,आरंग, अभनपुर, राजिम, बिन्द्रानवागढ़, सिहावा,कुरूद, धमतरी,संजारी-बालोद,डौंडीलोहारा, गुण्डरदेही, पाटन, दुर्ग ग्रामीण,दुर्ग शहर, भिलाई नगर,वैशाली नगर, अहिवारा, साजा, बेमेतरा और नवागढ़ विधानसभा क्षेत्रों में वोट डाले जाएंगे।

## छत्तीसगढ़ कैडर के आईएएस का एनआईटी में हुआ सम्मान

**रायपुर,15 नवम्बर 2023(ए)।** छत्तीसगढ़ में जन्में वेंकटेश शुक्ला, और छत्तीसगढ़ कैडर के आईपीएस अधिकारी विवेक देवांगन को भोपाल के मौलाना आजाद एनआईटी ने अपना प्रतिष्ठित पूर्व छात्र घोषित किया है। ये दोनों ही अलग-अलग वक्त पर इस कॉलेज से पढ़कर निकले हैं। बता दें कि यह ऐसा पहला मौका है जब कॉलेज ऐसा अवॉर्ड स्थापित कर रहा है, और ऐसा पहला सम्मान वेंकटेश शुक्ला को, और दूसरा विवेक देवांगन को दिया जा रहा है। छत्तीसगढ़ में जनमे वेंकटेश शुक्ला ने 1975 में इस कॉलेज से इलेक्ट्रॉनिक्स में डिग्री हासिल की थी, और उसके बाद से वे अमरीका में एक बड़े कामयाब टेक्नालॉजी-कारोबारी हैं, वे नौजवानों और छात्रों को बढ़ावा देने वाले संगठनों से जुड़े हुए हैं, और भारत सरकार की कुछ योजनाओं में उनका बड़ा योगदान रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अमरीका के कुछ सबसे बड़े कार्यक्रमों से वे जुड़े रहे हैं।



बता दें कि दूसरे सम्मानित छात्र विवेक देवांगन ने भोपाल के इसी कॉलेज से 1989 में इलेक्ट्रॉनिक्स में इंजीनियरिंग की थी, और अभी वे छत्तीसगढ़ कैडर के आईएएस अफसर हैं, और भारत सरकार में प्रतिनियुक्ति पर हैं। अभी वे केन्द्र सरकार की एक नवरत्न कंपनी, आरईसी (ग्रामीण विद्युतीकरण कार्पोरेशन) के चेयरमैन और एमडी हैं।

## मतदान दिवस पर सामान्य अवकाश घोषित

» औद्योगिक तथा व्यावसायिक संस्थानों के कर्मचारियों को भी सवैतनिक छुट्टी

**रायपुर,15 नवम्बर 2023(ए)।** छत्तीसगढ़ में विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2023 के लिए द्वितीय चरण में मतदान के लिए मतदान दिवस 17 नवंबर को संबंधित क्षेत्रों में सामान्य अवकाश की घोषणा की गई है। इस संबंध में छत्तीसगढ़ सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी आदेश के तहत द्वितीय चरण के लिए 17 नवंबर 2023 को संबंधित 70 विधानसभा क्षेत्रों में सभी शासकीय कार्यालयों एवं संस्थानों में सामान्य अवकाश घोषित किया गया है। इसके अतिरिक्त निजी संस्थानों,औद्योगिक तथा व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में अधिकारी तथा कर्मचारियों को सवैतनिक अवकाश दिए जाने का निर्देश जारी किया गया है।
निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार श्रम विभाग ने विधानसभा निर्वाचन के लिए औद्योगिक, व्यावसायिक तथा अन्य प्रतिष्ठानों में काम करने वाले कर्मचारियों को मतदान दिवस को सवैतनिक अवकाश दिए जाने संबंधी आदेश जारी किया है। आदेश में उल्लेखित है कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 151 की धारा 135 (ख) के तहत प्रत्येक निर्वाचन क्षेत्र में संचालित औद्योगिक , व्यावसायिक तथा अन्य प्रतिष्ठान इस बात को सुनिश्चित करें कि मतदान दिवस पर कर्मचारियों को सवैतनिक अवकाश दिया जाए।

### पड़ोसी राज्यों में वोट के लिए भी सवैतनिक अवकाश

आयोग के निर्देश पर छत्तीसगढ़ के पड़ोसी राज्य मध्यप्रदेश तथा तेलंगाना जहां विधानसभा सामान्य निर्वाचन 2023 हेतु मतदान तिथि क्रमशः 17 नवंबर तथा 30 नवंबर को नियत है, उक्त पड़ोसी राज्य के बहुत से मतदाता जो छत्तीसगढ़ में निजी या सार्वजनिक प्रतिष्ठानों / दुकानों, औद्योगिक उपक्रम या कारोबार/व्यवसाय में काम कर रहे हैं, ऐसे नियोजित/कार्यरत संबंधितों को भी उनके गृह राज्य के मतदान दिवस के दिन सवैतनिक अवकाश घोषित किया गया है।

### कारखानों में दो घंटे का अवकाश

आदेश में स्पष्ट किया गया है कि ऐसे कारखाने जो सप्ताह में सातों दिन कार्य करते हैं वहां प्रथम एवं द्वितीय पाली के श्रमिकों को मतदान के दिन दो-दो घंटे का अवकाश घोषित किया जाए तथा जो कारखाने निरंतर प्रक्रिया के अंतर्गत आते हैं, उनमें काम करने वाले श्रमिकों को बारी-बारी से मतदान करने की सुविधा प्रदान की जाए। मतदान की सुविधा समस्त कार्यरत श्रमिकों अथवा कर्मचारियों चाहे वे दैनिक वेतनभोगी हो या आकस्मिक श्रमिक हो, उनको प्रदान किया जाएगा।

## वोटर टर्नआउट एप्प से मिलेगी 17 नवंबर को मतदान प्रतिशत की जानकारी

**रायपुर,15 नवम्बर 2023(ए)।** भारत निर्वाचन आयोग के मोबाइल एप्लीकेशन 'वोटर टर्नआउट एप' के माध्यम से छत्तीसगढ़ विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत 17 नवंबर को मतदान प्रतिशत की अद्यतन स्थिति की जानकारी प्राप्त की जा सकती है। वोटर टर्नआउट एप के माध्यम से अनुमानित वोटर टर्नआउट को रियल टाइम में देखना बहुत आसान हो गया है। वोटर टर्नआउट एप में मतदान के दिन प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में वोटर टर्नआउट की जानकारी प्रदर्शित की जाती है। वोटर टर्नआउट एप नागरिकों को संचयी वोटर टर्नआउट के साथ ही प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के लिए अलग-अलग अनुमानित संचयी मतदाता प्रतिशत की जानकारी प्राप्त करने की सुविधा प्रदान करता है। निर्वाचन में नागरिकों की सहभागिता बढ़ाने और मतदान के दिन वोटर टर्नआउट की त्वरित जानकारी उपलब्ध कराने के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा इस एप्लीकेशन को लॉन्च किया गया है। यह एप गूगल प्ले स्टोर और ऐप्पल स्टोर दोनों प्लेटफॉर्म्स पर उपलब्ध है। वोटर टर्नआउट एप को प्रत्येक राज्य के लिए अनुमानित वोटर टर्नआउट दिखाने के लिए डिज़ाइन किया गया है और इसका प्रयोग जिला और विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र स्तर तक किया जा सकता है। मतदान के दिन इस पर राज्यवार, जिलेवार और विधानसभाक्षेत्रवार वोटर टर्नआउट का अपडेट देखा जा सकता है।

## 3 दिसंबर को पहली कैबिनेट लेगी 6 अहम् फैसले

**रायपुर,15 नवम्बर 2023 (ए)।** केंद्रीय मंत्री मनसुख मांडविया ने बड़ा बयान दिया है। कहा है कि छत्तीसगढ़ की जनता के लिए दिसंबर का महीना निर्णायक होगा। उन्होंने कहा छत्तीसगढ़िया मतदाता, माताएं, बहनें और युवा वर्ग के लिए भाजपा सरकार सबसे पहले 6 अहम फैसले पर काम करेगी।
केंद्रीय मंत्री मनसुख मांडविया बोले 3 दिसंबर को भाजपा की सरकार बनते ही, 3 दिसंबर को पहली कैबिनेट में 18 लाख लोगो को मकान देने का फैसला होगा। दिसंबर महीने में ही पीएससी घोटाला कर युवाओं का भविष्य खराब करने वालो पर कार्यवाही होगी।महादेव एप सट्टेबाजों पर दिसंबर महीने में ही कार्यवाही शुरू होगी। किसानों को दिसंबर महीने के 65,100 रु प्रति एकड़ मिलने लगेगा। किसानों को 2 साल का बोनस दिसंबर महीने की 25 तारीख को दे दिया जाएगा। महतारी वंदन योजना जिसमे महिलाओ को प्रतिवर्ष 12 हजार रु दिए जाने है उसकी शुरुवात भी दिसंबर महीने में कर दी जाएगी।



प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफसेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No. CHHHIN/2004/15050,मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)